26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 3 अगस्त, 2026

अंक- 280 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# बृजभूषण सिंह बरी

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** महिला पहलवानों की ओर से दर्ज कराए गए कथित यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह को बरी कर दिया है। वहीं कोर्ट के द्वारा बरी किए जाने के बाद बृजभूषण शरण सिंह ने आज अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। इस फैसले को अपने और अपने समर्थकों के लिए राहत का पल बताते हुए सिंह ने कहा कि उन्होंने हमेशा यही कहा था कि अगर अदालत में उन पर लगा कोई भी आरोप साबित होता है, तो वे उसका नतीजा भुगतने के लिए तैयार हैं। बृजभूषण सिंह ने राजनीति में वापसी को लेकर पूछे गए

## बोले- होइहि सोइ जो राम रचि राखा



सवाल पर कहा, 'होइहि सोइ जो राम रचि राखा' (जो होना है, वही होगा, जैसा भगवान राम ने तय किया है)। बृजभूषण शरण सिंह ने अपनी कानूनी टीम का शुक्रिया अदा किया और कहा कि जब तक वे अदालत का पूरा फ़ैसला नहीं पढ़ लेते, तब तक वे इस पर कोई विस्तृत टिप्पणी नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा, पहले दिन, जब मेरा पहला बयान आया था, तो मैंने कहा था कि अगर कोई फ़ैसला या कोई आरोप साबित हो जाता है, तो मैं फांसी लगा लूंगा। आज, कोर्ट ने मुझे सम्मान के साथ बरी कर दिया है।

# बिहार में नितिन नवीन की सीट पर भाजपा पिछड़ी

**बांकीपुर उपचुनाव में प्रशांत किशोर आगे, एमपी के दतिया में कांग्रेस, गुजरात के मंजलपुर में भाजपा को बढ़त**

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की तीन विधानसभा सीटों पर 30 जुलाई को हुए उपचुनावों की मतगणना जारी है। नतीजे लगभग साफ हो गए हैं। बिहार के बांकीपुर में जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर लगातार बढ़त बनाए हुए हैं।

प्रशांत भाजपा के नीरज कुमार से 7,119 वोटों से आगे चल रहे हैं। RJD की रेखा कुमारी तीसरे स्थान पर हैं। बांकीपुर सीट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की पारंपरिक सीट मानी जाती है, जहां से वे लगातार पांच बार विधायक रहे हैं।

मध्य प्रदेश के दतिया में मुकाबला पलट चुका है। शुरुआती राउंड में भाजपा आगे थी, लेकिन अब कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह 1,786 वोटों से बढ़त बनाए हुए हैं।

वहीं गुजरात के मंजलपुर में भाजपा के सतेन्द्रभाई पटेल उर्फ सतीश पटेल ने 24,199 वोटों की बढ़त बना ली है और उनकी जीत लगभग तय मानी जा रही है। मंजलपुर में 19 में से 15 राउंड की मतगणना पूरी हो चुकी है।












# खादर के कई गांवों में भरा बाढ़ का पानी, आवागमन में परेशानी





**हीमपुर दीपा (चिंगारी)। गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से क्षेत्र के कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। निचले इलाकों में पानी भरने से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित होने लगा है। संपर्क मार्ग जलमग्न हो गए हैं, जिससे लोगों को जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ रही है।**

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर खादर, फेजीपुर खादर, ढोलनपुर, महमूदा खादर के आसपास गंगा का पानी फैलने से स्थिति गंभीर होती जा रही है। ग्रामीण आवश्यक कार्यों के लिए पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि रोजमर्रा के कामकाज, खेती और आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बितरोला फार्म से जहानाबाद मार्ग पिछले चार दिनों से पूरी तरह बंद पड़ा है। वहीं जलीलपुर-छाछरी मोड़ संपर्क मार्ग पर जल प्रवाह के कारण आवागमन बेहद जोखिमभरा हो गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

सोमवार को जलीलपुर, सलेमपुर खादर, छाछरी टीप संपर्क मार्ग से पानी उतर जाने के चलते क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीण बबलू चौहान, चुन्नू सिंह, डॉ. भूपेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार,चंद्रपाल, राजीव, ब्रह्मपाल सिंह, मलखान, संजीव चौहान, सतीश चौहान, कैलाश, किरण देवी, सुधा, चमनो देवी, डॉ. गीताराम आदि का कहना है की हर वर्ष भारी वर्षा होने के कारण गंगा का जलस्तर बढ़ जाता है, परिणामस्वरुप यहां बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो जाते हैं। पिछले वर्ष तो दो माह तक जलीलपुर-छाछरी मोड़ मार्ग से पानी ने उतारने का नाम ही नहीं लिया था, जिससे आमजन को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि गंगा का जलस्तर बढ़ने से आसपास के जंगल जलमग्न हो गए हैं। इससे पशुओं के लिए हरे चारे का गंभीर संकट खड़ा हो होने लगा है।

### ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बाढ़ प्रभावित गांवों में तत्काल राहत कार्य शुरू कराए जाएं, बंद पड़े संपर्क मार्गों की वैकल्पिक व्यवस्था की कराई जाए तथा पशुओं के लिए चारे की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसानों और ग्रामीणों को राहत मिल सके।


### कार्रवाई की जायेगी

मामले में विकासखंड जलीलपुर एडीओ पंचायत सुरेंद्र सिंह का कहना है जहां ग्रामीणों ने जहां कूड़ा डाल रखा है, आज ही उसकी जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### कूड़ी डालने से परेशानी

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ व्यक्तियों ने गांव सलेमपुर खादर के पास ही रोड के किनारे कूड़ी डाल दी है, ऐसे समय में अगर कोई ट्रैक्टर, बाइक या पशुओं के लिए जंगल चारा लेने जाते समय भैंसा-बोगी उसमें चली जाए तो बचना बड़ा मुश्किल होगा। वहीं गंदगी के कारण संक्रामक रोग फैलने की भी आशंका है, कांवड़ यात्रा को लेकर शासन-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। ऐसे में जिले के बड़े अधिकारियों को इस ओर जरूर ध्यान देना चाहिए।





## बिजनौर सुपर लीग (BSL) का शुभारंभ



**बिजनौर (चिंगारी)।** रविवार को जनपद के बहुप्रतीक्षित क्रिकेट टूर्नामेंट बिजनौर सुपर लीग (बी.एस.एल.) का शुभारंभ चांदपुर रोड स्थित पैरिस गार्डन में भव्य समारोह के बीच किया गया। कार्यक्रम में खेल प्रेमियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, अधिवक्ताओं और बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन किरतपुर नगर पालिका के चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने विशिष्ट अतिथियों, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शेख ज़ाकिर हुसैन, जावेद भट्टे वाले, पूर्व चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी व योगी जलालपुर के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं और खेल संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। आयोजन समिति ने बताया कि बी.एस.एल. ऑक्शन 6 सितम्बर को होगा। टीम ओनर के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 30 हजार रुपये तथा ओनर पर्स 3 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। टूर्नामेंट को आकर्षक बनाने के लिए विजेता टीम को निसान मैगनाइट कार और उपविजेता टीम को रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी। बी.एस.एल. के मुख्य आयोजक एवं सभासद मोहम्मद शारिक ने कहा कि उनका लक्ष्य बिजनौर सुपर लीग को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित क्रिकेट आयोजनों में शामिल करना है। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में मोहम्मद फैज़, सादत नबी, अरशद, अशोक आर्य, साकिब, ज़फ़र, शाबान और कामरान सहित पूरी टीम लगातार मेहनत कर रही है। कार्यक्रम में करीब 250 से 300 लोगों की उपस्थिति रही। संचालन सुजाता कौशिक एवं सभासद एडवोकेट मोहम्मद आदिल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुस्तकीम अहमद, शहज़ाद अहमद, अशोक आर्य, सभासद अफ़ज़ाल पहाड़ी तुफैल अहमद, शमशाद अहमद, मैराज बिजनौरी, काशिफ सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजक मोहम्मद शारिक ने बताया कि उनकी टीम बिजनौर में धर्मनगरी रोड पर क्रिकेट एकेडमी भी बना रही है। ये एकेडमी शीघ्र शुरु होगी।

## सिद्धार्थ त्यागी बने गौ रक्षा परिषद के राष्ट्रीय सचिव



**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय गौ रक्षा परिषद द्वारा संगठन के विस्तार के क्रम में सिद्धार्थ त्यागी (ग्राम रोशनपुर प्रताप) को उनके सामाजिक योगदान, संगठन के प्रति समर्पण एवं कार्यक्षमता को देखते हुए राष्ट्रीय सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। नियुक्ति पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष गौतम निबास द्वारा जारी किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि सिद्धार्थ त्यागी गौ सेवा, गौवंश संरक्षण तथा संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे।

# एटीएस कर रही कांवड़ यात्रा की निगरानी



लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। जम्मू कश्मीर में आतंकी घटना के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। लखनऊ, वाराणसी, मथुरा, अयोध्या समेत जिलों के कई बड़े प्रमुख मठ, मंदिर और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाई गई हैं। कांवड़ यात्राओं पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है। एटीएस एसटीएफ और स्थानीय एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों से मिलने इनपुट के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने राज्य में हाई अलर्ट जारी करते हुए संवेदनशील और अतिसंवेदनशील जिलों में अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और कमिश्नरेट पुलिस को अपने-अपने इलाकों में पैदल गश्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोकल इंटलीजेंस को भी सक्रिय किया गया है। जिन जिलों से कांवड़ यात्रा निकलेगी, वहां की पुलिस को भी सतर्क रखा गया है। कांवड़ यात्रा पर विशेष नजर, एटीएस की तैनाती कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। आशंका है कि कांवड यात्रा में शामिल होकर आराजकत्वों लोग माहैल बिगाड़ सकते है। इसको देखते हुए यात्रा में सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से नजर रखी जा रही हैं। इसके अलावा मेरठ, मुजफ्फरनगर और सहारनुपर जैसे जनपद में कावड़ यात्रा मार्ग पर एटीएस के साथ पीएसी की तैनाती की गई है। मुजफ्फरनगर के शिव चौक पर आधुनिक हथियारों से लैस एटीएस के 36 जवानों को तैनात किया गया है।

## सोशल मीडिया पर रखी जा रही नजर, मठ मंदिर और शिवालयों में सादी वर्दी में तैनात पुलिस

## सावन में कम बरसेंगे बदरा

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में मानसून के पूर्वार्द्ध (जून-जुलाई) के दौरान अपेक्षाकृत कमजोर वर्षा के बाद अगस्त और मानसून के शेष चरण को लेकर मौसम विभाग ने मिश्रित परिदृश्य व्यक्त किया है। विभाग के अनुसार प्रदेश के 50 जिलों में जून-जुलाई के दौरान सामान्य से कम अथवा अत्यंत कम वर्षा दर्ज की गई, जिसके कारण अब तक प्रदेश में कुल समेकित मानसूनी वर्षा सामान्य से लगभग 27 प्रतिशत कम रही है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में सक्रिय मध्यम अल-नीनो के आगामी सप्ताहों में और मजबूत होने की संभावना है। वहीं हिन्द महासागर में तटस्थ हिन्द महासागरीय द्विध्रुव के अगस्त में बने रहने तथा सितंबर के दौरान आंशिक रूप से सकारात्मक स्थिति में पहुंचने की संभावना है। इन वैश्विक मौसमी परिस्थितियों के प्रभाव से अगस्त तथा मानसून के उत्तरार्द्ध (अगस्त-सितंबर) में प्रदेश के दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं सामान्य अथवा सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है। जबकि प्रदेश के अधिकांश भागों में औसत वर्षा सामान्य से कम रहने के आसार हैं। विभाग का अनुमान है कि पूरे मानसून सीजन में उत्तर प्रदेश की कुल समेकित वर्षा सामान्य से कम रहने की संभावना सबसे अधिक है।


धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट (दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap (घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रिशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।



आवश्यकता है

हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें-
9319823965
8191819148



MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PRT (ALL SUBJECTS)
ENGLISH CONVERSATION
URDU & SANSKRIT
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number
Phone No:-9412201377



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

**भली लगे या बुरी...**

## भारत में 'मेडिकल टूरिज्म'

आज भारत 'मेडिकल टूरिज्म' में दुनिया में अपना स्थान बना रहा है तथा अनेक देशों के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने भारतीय संस्थानों में आ रहे हैं। भारत ने विदेशी विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षण संस्थानों के भारत में परिसर खोलने तथा भारतीय शिक्षण संस्थानों द्वारा उनसे सहयोग के नये आयाम खोले हैं, पर इस क्षेत्र में अनेक नौकरशाही बाधाओं के साथ ही आम जनता का ऐसे संस्थानों पर विश्वास नहीं जम रहा है। विडंबना है कि भारत में आजादी के बाद से दशकों तक विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग या 'एसटीएम' के बजाय मानविकी विषयों पर ज्यादा जोर दिया जाता रहा है। इसके साथ ही 'मैकाले पद्धति' पर चलते हुए हमारी शिक्षा व्यवस्था ने ऐसे स्नातकों का बड़ी संख्या में उत्पादन किया है, जो विकास के बदलते आयामों में स्वयं को अनफिट पा रहे हैं। हालांकि, कंप्यूटरीकरण, एआई, रोबोटीकरण व मशीन लर्निंग के इस युग में भी संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए कला, संगीत, चित्रकारी, इतिहास, समाजविज्ञान, दर्शन आदि मानविकी विषयों का महत्व बना हुआ है, पर इनका विज्ञान एवं तकनीक के समकक्ष उचित स्थान निर्धारित किया जाना चाहिए। विडंबना है कि आज अनेक निजी विश्वविद्यालय जहां मानविकी विषयों में नवाचार, खुलेपन व छात्रों-शिक्षकों के बीच संवाद के नये मानक स्थापित करने के प्रयास कर रहे हैं। भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए 'विरासत और विकास' के बीच समन्वय बनाने के साथ ही विरासत, परंपरा और संस्कृति के नाम पर जड़ें जमाए अनेक पूर्वाग्रहों को तोड़ना होगा तथा 'वैज्ञानिक मिजाज' व 'आलोचनात्मक प्रवृत्ति' का विकास करना होगा। विज्ञान एवं तकनीक तथा उच्च शिक्षा के साथ ही आज चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में भी निजी संस्थानों के विकास के अवसर देने की आवश्यकता है। लेकिन विडंबना है कि जहां भारत 'मेडिकल टूरिज्म' के क्षेत्र में अपना स्थान बना रहा है, वहीं मानकों के अभाव में कुकुरमुत्ते की तरह उग रहे निजी अस्पताल, चिकित्सा संस्थान व मेडिकल कालेज सारे वैज्ञानिक मानकों का उल्लंघन कर केवल अपने संस्थापकों या शेयर धारकों के मुनाफे का स्रोत बनते जा रहे हैं।

# मानसून नहीं, शहरों की व्यवस्था समस्या है

**भारत के अधिकांश शहरी बुनियादी ढांचे का निर्माण उन ऐतिहासिक वर्षा पैटर्न के आधार पर किया गया था, जो आज की जलवायु परिस्थितियों से मेल नहीं खाते। दूसरी ओर तीव्र शहरीकरण ने मिट्टी और हरित क्षेत्रों की जगह कंक्रीट बिछा दिया है, जिससे भूजल का पुनर्भरण कम हुआ है और वर्षा जल का बहाव कई गुना बढ़ गया है।**

**राजेन्द्र रवि**

हर मानसून में भारत के शहर एक जैसी कहानी दोहराते हैं। तेज बारिश की पहली बौछार पड़ते ही सड़कें पानी में डूब जाती हैं, लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं, वाहन खराब हो जाते हैं और सोशल मीडिया जलमग्न सड़कों, उफनती नालियों तथा धंसती सड़कों की तस्वीरों से भर जाता है। पानी उतरने के बाद सरकारें जांच के आदेश देती हैं, संबंधित एजेंसियां सुधार के वादें करती हैं और अस्थायी मरम्मत शुरू हो जाती है, लेकिन अगले मानसून तक वही स्थिति फिर सामने आ जाती है।



हाल ही में दिल्ली-एनसीआर (नेशनल कैपिटल रीजन) में हुई भारी वर्षा ने एक बार फिर भारत के शहरी बुनियादी ढांचे की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। दिल्ली में प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हुआ और अनेक रिहायशी इलाके पानी में डूब गये। गुरूग्राम जो वर्षों से मानसून के दौरान जलभराव के लिए कुख्यात रहा है- में दिल्ली-गुरूग्राम एक्सप्रेस-वे, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, हीरो होंडा चौक और सोहना रोड जैसे प्रमुख मार्ग पानी में डूब गए, जिससे देश के प्रमुख कॉर्पोरेट केन्द्रों में से एक लगभग ठहर गया।

नोएडा में अंडरपास जलमग्न हो गए, नालियां उफनने लगीं और भीषण जाम लग गया। वहीं गाजियाबाद और फरीदाबाद में कई कालोनियां पानी में डूब गईं, सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं और लोगों की आवाजाही बुरी तरह बाधित हुई। एनसीआर के कई हिस्सों में बारिश के बाद सड़कें धंस गईं, जिसने केवल निर्माण की खामियों को ही नहीं, बल्कि शहरी नियोजन, इंजीनियरिंग और रख-रखाव की गहरी संरचनात्मक कमजोरियों को भी उजागर कर दिया।

ये बार-बार होने वाली विफलताएं केवल असामान्य रूप से अधिक वर्षा का परिणाम नहीं है। ये इस बात के संकेत हैं कि भारतीय शहरों की योजना, शासन व्यवस्था, वित्तपोषण और रख-रखाव की पूरी प्रणाली में गम्भीर संरचनात्मक कमियां मौजूद हैं। अब बहस इस बात पर नहीं रह गई है कि जलवायु परिवर्तन अत्यधिक वर्षा की आवृत्ति और तीव्रता बढ़ा रहा है या नहीं- यह निर्विवाद सत्य है। अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या हमारे शहर इस नई जलवायु वास्तविकता के अनुरूप स्वयं को पर्याप्त गति से ढाल से ढाल पा रहे हैं? उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि ऐसा नहीं हो रहा है।

भारत के अधिकांश शहरी बुनियादी ढांचे का निर्माण उन ऐतिहासिक वर्षा पैटर्न के आधार पर किया गया था, जो आज की जलवायु परिस्थितियों से मेल नहीं खाते। दूसरी ओर तीव्र शहरीकरण ने मिट्टी और हरित क्षेत्रों की जगह कंक्रीट बिछा दिया है, जिससे भूजल का पुनर्भरण कम हुआ है और वर्षा जल का बहाव कई गुना बढ़ गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में झीलें, आर्द्रभूमियां, गांवों के तालाब और प्राकृतिक जल- निकासी मार्ग या तो अंधाधुध शहरी विस्तार की भेंट चढ़ गए हैं या फिर इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं कि वे अपना प्राकृतिक कार्य नहीं कर पा रहे हैं, जो पानी पहले प्राकृतिक रूप से बाढ़ क्षेत्रों में फैल जाता था, वह अब घनी आबादी वाले कंक्रीट के जंगलों फंस जाता है। नतीजा स्पष्ट है- जब भारी बारिश होती है तो पानी के निकलने के लिये कोई जगह नहीं बचती। फिर भी केवल जलवायु परिवर्तन यह नहीं समझा सकता कि हर वर्ष वही दृश्य क्यों दोहराए जाते हैं, इसके लिए शासन व्यवस्था की विफलताएं भी समान रूप से जिम्मेदार हैं।

# कांवड़ यात्रा के दौरान महिला मां बनी

## जुड़वां बच्चों को दिया जन्म

## एसएसपी पहुंचे शुभकामनाएं देने

**मुजफ्फरनगर (चिंगारी)।** हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर कांवड़ यात्रा पर निकली एक महिला शिवभक्त को अचानक प्रसव पीड़ा हुई। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। वहां महिला ने दो जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार महिला व दोनों बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं। पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना देकर उन्हें अस्पताल बुलाया। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने अस्पताल पहुंचकर महिला को शुभकामनाएं दीं तथा दोनों बच्चों का नाम गणेश व कार्तिकेय रखा।

दिल्ली निवासी महिला कावड़िया, जो 7 माह की गर्भवती थी, हरिद्वार से कांवड़ में जल लेकर अकेले जा रही थी। अचानक उसे प्रसव पीड़ा हुई, जिस पर पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने अस्पताल पहुंचकर महिला और उसके बच्चों की कुशलक्षेम पहुंची तथा बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। साथ ही चिकित्सकों से महिला व उसके बच्चों का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिये। महिला ने अपने जुड़वां बच्चों को भोले बाबा का आशीर्वाद बताया। उधर, लोगों ने महिला की शिवभक्ति और गर्भावस्था में कांवड़ लाने के साहस की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।



महिला को शुभकामनाएं देते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा।

# 'अब मैं कभी तेरे बीच में नहीं आऊंगा, हमेशा के लिये चला जाऊंगा'

**नहटौर (चिंगारी)।** दुनिया छोड़कर जाने की बात कहते हुए एक युवक ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर की। पोस्ट की जानकारी मिलते ही पुलिस ने युवक की उसके परिजनों के सामने काउंसलिंग की। नहटौर के एक गांव निवासी युवक ने 9 सेकंड का वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। बैक ग्राउंड में किसी फिल्म का इमोशनल डायलॉग चल रहा था कि मौत मेरा साया है। युवक ने वीडियो के साथ लिखा था कि 'तुझे जिससे बात करनी है बात कर, अब मैं कभी तेरे बीच में नहीं आऊंगा, क्योंकि मैं हमेशा के लिए चला जाऊंगा। इतना प्यार मैं किसी से नहीं करता, जितना तुझे किया था। परेशान करने वाला गया...'। इंस्टा पर की गई पोस्ट की जानकारी मिलते ही कुछ लोगों ने युवक की पहचान करते हुए पुलिस को सूचना दे दी। सूचना के आधार पर पुलिस युवक के घर पहुंच गई। पुलिस को देखकर युवक और उसके परिजनों में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने युवक से वार्ता की और उसे जिंदगी का महत्व समझाया। साथ ही किसी भी तरह का कोई नकारात्मक कदम न उठाने की नसीहत दी। पुलिस द्वारा युवक की काउंसलिंग की गई, जिसके बाद युवक ने भविष्य में ऐसा कोई भी गलत कदम न उठाने का संकल्प लिया। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने का मामला प्रकाश में आया था। संबंधित युवक से वार्ता की गई है उसकी काउंसलिंग की गई है। युवक और उसके परिजनों ने किसी तरह का कोई भी गलत कदम नहीं उठाने का आश्वासन दिया है।

### ज़हरीला पदार्थ नहीं था...

वीडियो में युवक एक सफेद बोतल में कोई लिक्विड पी रहा था, जिसके विषैला पदार्थ होने की संभावना थी। पुलिस ने जब काउंसलिंग के दौरान वीडियो में पी रहे लिक्विड के बारे में भी युवक से पूछा तो उसने बताया कि वह कोई विषैला पदार्थ नहीं था।

## चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह सम्पन्न

**नहटौर (चिंगारी)।** चातुर्मास का मंगल कलश स्थापना समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें धर्म ध्वजा ध्वजारोहण कमल कुमार जैन किरतपुर वालों द्वारा किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा पूजन कार्यक्रम व कलशों की बोलियों में प्रतिभाग किया।



रविवार को श्री चंद्रप्रभु जी जिनालय में मुनि श्री 108 विव्रत सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 विश्वार्थ सागर जी महाराज के सानिध्य में चातुर्मास का शुभारंभ हुआ। जैन मुनि श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि चातुर्मास आत्मचिंतन, तप, साधना और आत्म कल्याण का श्रेष्ठ अवसर है, जिसका सभी को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी 100 दिनों का सदुपयोग करें। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर आचार्य श्री का पूजन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई। आयोजित कलश बोली कार्यक्रम में प्रथम कलश सुकेश जैन, शोभित जैन ने प्राप्त किया। द्वितीय कलश लोकेश जैन, विनित जैन ने व तृतीय कलश कमल कुमार जैन किरतपुर वालों ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों शामली, बिजनौर, धामपुर, नजीबाबाद, किरतपुर, नगीना व कोतवाली देहात से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में पहुंचकर धर्म लाभ उठाया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक राजीव कुमार जैन द्वारा किया गया।

## निरीक्षण के दौरान स्टोन क्रेशर पर मिली खामियां



स्टोन क्रेशर का निरीक्षण करते एसडीएम।

**नगीना (चिंगारी)।** जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन द्वारा स्टोन क्रेशर का औचक निरीक्षण किया गया तो कई खामियां पाई गईं। प्रशासन में स्टोन क्रेशर पर कार्रवाई/ आर्थिक दंड लगाने की डीएम से संस्तुति की है। एसडीएम प्रिंस कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर वह खनन अधिकारियों व तहसील टीम के साथ रविवार की शाम नगीना देहात क्षेत्र में स्थित तीन स्टोन क्रेशर का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान ग्राम कोटकादर में स्थित किसान स्टोन क्रेशर पर अवैध खनन का कुछ माल पाया गया। इसके खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला अधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित की गई है। जबकि ग्राम सुंदर वाली में स्थित गोल्डन स्टोन क्रेशर व हिंदुस्तान स्टोन क्रेशर का भी निरीक्षण किया गया। इस मौके पर खनन अधिकारी सुशील कुमार, राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार, लेखपाल मनोज चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।



## वर्धमान कॉलेज में सुना गया प्रधानमंत्री का अभिभाषण

**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा, नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभिभाषण सुनाया गया। सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं व प्राचार्या अभिभाषण सुनने के लिये रूम नंबर 05 में 10 बजे एकत्रित हुए।

प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना ने नशे से किसी भी राष्ट्र के युवाओं को होने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया। प्रोफेसर शशिप्रभा, डॉ. जितेन्द्र विश्वकर्मा, डॉ. राजेश यादव, डॉ. धर्मेन्द्र यादव, डॉ. पंकज भटनागर, डॉ. प्रशांत कुमार सिंह, डॉ. सौम्या सोनकर उपस्थित रहे। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. सोनल शुक्ला, डॉ. दुर्गा जैन, डॉ. अनूप गुप्ता व डॉ. मुहम्मद साबिर भी कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए उपस्थित रहे।

## सेंट पीटर्स स्कूल में हुआ प्रतियोगिताओं का आयोजन




**किरतपुर (चिंगारी)।** सेंट पीटर्स स्कूल में विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा I से III के विद्यार्थियों के लिए स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता, कक्षा IV एवं V के लिए गायन प्रतियोगिता तथा कक्षा VI से VIII के विद्यार्थियों के लिए फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी क्रम में कक्षा IX एवं X के विद्यार्थियों के लिए India and Youth विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। वहीं कक्षा XI एवं XII के विद्यार्थियों ने डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या सिस्टर निकिता ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## सच्चा मित्र वह जो हर पल साथ दे: सुमन वर्मा

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष सुमन वर्मा के आवास पर मित्र दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सुमन वर्मा ने कहा कि मित्र वह जो हर पल साथ दे। मित्रता सदियों से प्रसिद्ध है, सुदामा व कृष्ण भगवान की दोस्ती जिन्होंने अपनी दोस्ती को सबसे ऊंचा दर्जा दिया कभी भेदभाव नहीं किया। एक दूसरे का सम्मान करना, मित्र के हर दुख-सुख को समझना कभी उपहास नहीं करना, दोस्ती से कीमती कोई जागीर नही होती। कृष्ण कांता गोयल ने कहा कि दोस्ती से खूबसूरत कोई तस्वीर नही होती, यू तो कच्चा धागा है, मगर इससे मजबूत कोई जंजीर नहीं होती। तृप्ता राजपूत ने कहा कि दोस्ती कोई शब्द नहीं एक अनमोल एहसास है। हर खुशी में साथ व हर गम में विश्वास है, रिश्ते तो कहीं मिलते हैं, इस दुनिया में पर सच्चा दोस्त जीवन की सबसे बड़ी सौगात है। गीता राजपूत ने कहा कि दोस्ती एक रिश्ता जो दिल से दिल को जोड़ता है, सच्चे दोस्त हमारी खुशियों को दुगना कर देते हैं, दुखों को आधा कर देते हैं, दोस्तों की वजह से जिंदगी और भी खूबसूरत बन जाती है।

## मानसिक रूप से बीमार मिली महिला को पुलिस ने पहुंचाया आश्रम

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। आज सुबह मोटा महादेव मंदिर परिसर में एक महिला घूमती हुई मिली, जो मानसिक रूप से बीमार बताई गई। महिला अपना नाम उमावती व नजीबाबाद निवासी बता रही है। इसके अलावा महिला कुछ नहीं बता रही है। पुलिस ने क्षेत्र के आर्य सुगन्ध संस्थान मुस्सेपुर में महिला को भेज दिया है। मंडावली थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि महिला मानसिक रूप से बीमार लग रही है। महिला के बारे में आसपास से जानकारी की जा रही है।

## वंदे मातरम देश की एकता अखंडता व अस्मिता का प्रतीक: चौधरी ईशम सिंह

नजीबाबाद (चिंगारी)। भाजपा नेता एवं जिला पंचायत वार्ड नंबर तीन के सदस्य चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि संसद में वंदे मातरम गीत से संबंधित राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण संशोधन विधेयक पारित होने पर देश के सभी सांसदों का धन्यवाद ज्ञापित करना हम सब का दायित्व है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय राष्ट्र के सम्मान एवं गौरव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम स्थापित हुआ है। वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की अस्मिता स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा व करोड़ों देशवासियों की भावनाओं का प्रतीक है। ऐसे में इसके सम्मान की रक्षा करना समस्त देशवासियों का नैतिक दायित्व व कर्तव्य है। इस विधेयक के पास होने से अब कोई भी व्यक्ति इस जीत की अवहेलना नहीं करेगा। यदि कोई अवहेलना करता है उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाता है या उसका अपमान करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बिल के पास होने से राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रध्वज का सम्मान होगा। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री व सभी सांसदों का इसके लिए आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# ग्राम प्रधानों के अधिकार बहाल किये जायें : चन्द्रशेखर

## सांसद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर ग्राम प्रधानों के अधिकार, मानदेय और कल्याणकारी सुविधाएं तत्काल बहाल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव समय पर न होने के कारण प्रशासक के रूप में कार्य कर रहे ग्राम प्रधानों को उनके दायित्वों के अनुरूप अधिकार और सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जिससे ग्रामीण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

सांसद ने पत्र में उल्लेख किया कि वर्तमान में ग्राम प्रधानों का 5,000 मासिक मानदेय बंद कर दिया गया है। इसके अलावा आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में मिलने वाली 10 लाख की कल्याण कोष सहायता भी रोक दी गई है। उन्होंने कहा कि हैंडपंप मरम्मत, सफाई, जल निकासी तथा अन्य विकास कार्य प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों के अभाव में प्रभावित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। चंद्रशेखर आजाद ने यह भी बताया कि उन्होंने इससे पहले पंचायत चुनाव समय पर कराने और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण संबंधी विषय पर भी राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया था। उनका कहना है कि यदि पंचायत चुनाव में विलंब होता है तो निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को ही आवश्यक अधिकार देकर प्रशासनिक व्यवस्था सुचारु रखी जानी चाहिए।

# आरएसएम में विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत निर्माण का संकल्प लिया


शपथ लेते हुए विद्यालय का स्टाफ।

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी आह्वान के अंतर्गत आर.एस.एम. पी.जी. कॉलेज में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों सहित कॉलेज के अन्य छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण की शपथ ली। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन अपनाने तथा एक स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. एस. एल. पाल ने जीवन में अनुशासन, उच्च नैतिक मूल्यों तथा सकारात्मक एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हिमांशु त्रिपाठी द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. देवेश पाठक, डॉ. कौशिक प्रसाद, डॉ. विवेक यादव, डॉ. आकाश, डॉ. राधा रानी बरनवाल, अभिषेक कुमार, सुभाष देवरा की उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में एन.एस.एस. स्वयंसेवक विपिन कुमार, ऋतिक गुप्ता, प्रीत चौहान आदि ने भी अपना सराहनीय योगदान दिया।

# छात्राओं ने मिट्टी की मूर्तियां बनाईं पोस्टर बनाये व रंगोली भी सजाई



**धामपुर ( चिंगारी )।** कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को छात्राओं के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली निर्माण, मिट्टी की मूर्ति निर्माण तथा भारतीय संस्कृति पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालिका एवं प्रभारी शिक्षिका प्रीती रानी रहीं। इस अवसर पर शिक्षिकाएं विनीता, नीरज एवं अनीता सिंह ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या रेखा देवी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों में रचनात्मकता, भारतीय जनता संस्कारों तथा अपनी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति सम्मान की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्राओं एवं शिक्षिकाओं की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।



# लोकेश व शेर सिंह का स्वागत किया

**बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद की एक बैठक में संगठन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार अहलावत एवं मंडल उपाध्यक्ष शेर सिंह का स्वागत किया गया। सिंचाई विभाग के डाक बंगले में अब्दुल कय्यूम की अध्यक्षता तथा शमशीर के संचालन में आयोजित इस बैठक में प्रकाश सिंह, मौ. रजा, डालचंद, घासीराम, दीपक कुमार, रूप सिंह, सरोज देवी, मौ. इरफान, फुरकान, इरशाद, ब्रजवीर आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किये तथा संगठन के विस्तार एवं उसको मजबूत बनाने का संकल्प लिया।**

# जीव दया संत वाटिका ट्रस्ट की बैठक का आयोजन



## सेवा कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा की गई

**धामपुर ( चिंगारी )।** तहसील परिसर स्थित शिव मंदिर में जीव दया संत वाटिका ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ट्रस्ट के विधिवत पंजीकरण पर हर्ष व्यक्त करते हुए आगामी सामाजिक एवं सेवा कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में ट्रस्ट के संस्थापक गौरव चौधरी एवं अनुज चौधरी ने बताया कि ट्रस्ट का उद्देश्य गौ संरक्षण, पशु सेवा, पर्यावरण संरक्षण तथा जीवों के प्रति करुणा और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि संस्था निराश्रित एवं घायल गौवंश सहित अन्य पशुओं के संरक्षण, उपचार, गौशाला संचालन, पशु एम्बुलेंस सेवा, बेसहारा पशुओं के पुनर्वास, सम्मानजनक अंतिम संस्कार, आवारा कुत्तों एवं अन्य पशुओं के भोजन, टीकाकरण, नसबंदी तथा पशु क्रूरता के विरुद्ध जनजागरण अभियान चलाएगी। साथ ही वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान एवं अन्य सामाजिक सेवा कार्य भी किए जाएंगे। बैठक में पुष्पेंद्र चौधरी, अनुज पंडित सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए 50 से अधिक कार्यकर्ता एवं समाजसेवी मौजूद रहे। सभी ने ट्रस्ट के उद्देश्यों की सराहना करते हुए पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया तथा जनपदवासियों से जीव सेवा, गौ संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान से जुड़कर सहयोग करने की अपील की।

# एसबीडी महाविद्यालय में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का देखा गया प्रसारण


प्रसारण देखते हुए विद्यालय का स्टाफ।

**धामपुर ( चिंगारी )।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में रविवार को प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किए गए 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' का महाविद्यालय में सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने युवाओं से नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत आगामी 100 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार को नशा उन्मूलन विषयक विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है तथा नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। उन्होंने छात्राओं से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने परिवार और समाज को भी नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मीनू शर्मा द्वारा समस्त शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

# कांवड़ यात्रा को लेकर जल निगम अलर्ट

## श्रद्धालुओं को मिलेगा शुद्ध पेयजल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। कांवड़ मार्ग से गुजरने वाले शिवभक्तों को स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग की सभी ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं को विशेष रूप से सक्रिय कर दिया गया है।

अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्ग के अंतर्गत आने वाली सभी ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं, नलकूपों और जल मीनारों से जलापूर्ति का समय बढ़ा दिया गया है, ताकि कांवड़ शिविरों और यात्रा मार्ग पर कहीं भी पेयजल की कमी न हो।

उन्होंने बताया कि प्रमुख पेयजल योजनाओं पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित किया गया है। इसके अलावा संवेदनशील एवं बड़े कांवड़ शिविरों से जुड़ी योजनाओं पर जनरेटर के माध्यम से वैकल्पिक बिजली आपूर्ति की व्यवस्था भी की गई है।

जल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सभी पेयजल स्रोतों पर नियमित क्लोरीनेशन कराया जा रहा है। विभाग की प्रयोगशाला टीम द्वारा विभिन्न स्थानों से पानी के नमूने लेकर उनकी रासायनिक जांच भी कराई जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

अधिशासी अभियंता ने कहा कि उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), बिजनौर का संकल्प है कि देवभूमि हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले किसी भी शिवभक्त को जनपद की सीमा में पेयजल से संबंधित किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# पीडब्ल्यूडी ने किया कांवड़ मार्गों को दुरुस्त

## मोटा महादेव, भागूवाला, चंदक शाखा नहर पटरी समेत प्रमुख कांवड़ मार्गों पर पैचिंग, रेलिंग व अन्य सुधारात्मक कार्य कराए गए



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड-द्वितीय) ने जनपद के प्रमुख कांवड़ मार्गों पर मरम्मत एवं सुरक्षा संबंधी कार्य पूरे कर लिए हैं।

अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-द्वितीय, लोक निर्माण विभाग बिजनौर एसके सारस्वत ने बताया कि शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ लेकर एनएच-74 के हरिद्वार-नजीबाबाद-काशीपुर मार्ग से भागूवाला होते हुए मोटा महादेव पहुंचते हैं, जहां जलाभिषेक करते हैं। इसके अलावा कुछ कांवड़िये नजीबाबाद से ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद, अमरोहा और जसपुर की ओर जाते हैं, जबकि कुछ श्रद्धालु चंदक शाखा नहर की पटरी से होकर बिजनौर की ओर प्रस्थान करते हैं।

उन्होंने बताया कि निर्माण खंड-द्वितीय के कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी प्रमुख कांवड़ मार्गों पर पैचिंग एवं अन्य सुधारात्मक कार्य कराए गए हैं। मोटा महादेव-भागूवाला मार्ग को पैचलेस बनाने के साथ आवश्यक सुरक्षा कार्य भी पूरे किए गए हैं। इसी प्रकार चंदक शाखा नहर पटरी मार्ग को भी दुरुस्त कर सुरक्षित बनाया गया है।

इसके अलावा किरतपुर-मौजमपुर मंडावली मार्ग, नगीना बाईपास मार्ग, मुरादाबाद-देहरादून राज्य मार्ग तथा जसपुर-धामपुर मार्ग के किलोमीटर-18 पर मनोहरवाली मार्ग स्थित रपटे पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए चौनरेलिंग (सुरक्षा रेलिंग) का निर्माण कराया गया है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार सभी आवश्यक कार्य समय से पूर्ण कर लिए गए हैं, ताकि शिवरात्रि के दौरान कांवड़ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी




कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# संदीप कर्णवाल सर्वसम्मति से चुने गये प्राचीन शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष


संदीप कर्णवाल को बधाई देते समाज के गणमान्य लोग।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** रविवार को हुई नगर के प्राचीन श्री शिव मंदिर समिति की बैठक में संदीप कर्णवाल को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।


संदीप कर्णवाल।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष राहुल शर्मा ने गत वर्षों का आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। इसके उपरांत मंदिर समिति के नये अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें नगर के मोहल्ला बेगम सराय निवासी संदीप कर्णवाल पुत्र स्वर्गीय रोशनलाल कर्णवाल को सर्वसम्मति से प्राचीन शिव मंदिर समिति का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

बैठक के दौरान श्री सनातन धर्मशाला के अध्यक्ष रवि कर्णवाल ने मंदिर के संचालन एवं विकास कार्यों में सहयोग के उद्देश्य से श्री सनातन धर्मशाला की शुद्ध आय का 50 प्रतिशत मंदिर समिति को समर्पित करने का संकल्प व्यक्त किया। वहीं श्री रामलीला समिति अफजलगढ़ के अध्यक्ष नितिन दिनेश कौशिक ने भी मंदिर के विकास एवं नियमित व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए रामलीला समिति की ओर से 15 हजार रुपए प्रतिमाह का सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं धार्मिक वातावरण में संपन्न हुई। समाज के गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने मंदिर के विकास के लिए आगे आए दोनों संस्थाओं के इस सराहनीय सहयोग का स्वागत करते हुए इसे सामाजिक एकजुटता, धार्मिक आस्था और जनसहभागिता का प्रेरणादायी उदाहरण बताया।

### इनकी उपस्थिति रही

बैठक में मंदिर समिति अफजलगढ़ के निवर्तमान अध्यक्ष राहुल शर्मा, अतुल अग्रवाल (पंप वाले), संजय लोहिया, लवकेश शर्मा, अमरीश अग्रवाल, अतुल जैन, श्रवण कुमार अग्रवाल, मुकेश शर्मा उर्फ मुन्ना, महेश शर्मा, निर्मल चिलवाल, सौरभ अग्रवाल, भीम सिंह रावत, विनय भार्गव, विकास जैन, संजीव गुप्ता (प्लाई वाले), सुयश तोमर, गगन रस्तोगी, वरुण महेश्वरी, हर्षित गुप्ता, हर्ष रस्तोगी, रॉबिन अग्रवाल, राकेश कर्णवाल, अजय कौशिक, शरद कर्णवाल, लव कौशिक पत्रकार नितिन दिनेश कौशिक आदि उपस्थित रहे।

# आर्मी कॉन्वेंट एकेडमी में हुआ कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शनिवार को आर्मी कॉन्वेंट एकेडमी भोगपुर में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, स्वच्छता, टीम भावना एवं कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउसों के छात्र-छात्राओं ने बिना आग का उपयोग किए आकर्षक, पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।


प्रतियोगिता में विजयी ग्रुप रेड हाउस के छात्र-छात्राएं।

प्रतियोगिता में रेड हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। रेड हाउस की टीम में रेनू शर्मा, निशु, सबीहा एवं सिमरन दिव्या के मार्गदर्शन में सिमरन, हरमीत, गुरजोत, रोहन, जशनप्रीत, नेहा, गगन, पलक एवं दीपक ने भाग लिया। जबकि ग्रीन हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।


मूल्यांकन करते कुलदीप सिंह, सुरजीत सिंह एवं विश्वास शर्मा।

ग्रीन हाउस की टीम में योगिता एवं लवप्रीत के निर्देशन में शिवा एवं विजेता शामिल रहे। वहीं येलो हाउस ने तृतीय स्थान हासिल किया। येलो हाउस की टीम में सुखमन एवं अंशिका के साथ नवकमल, वीरमदीप, गौरव, नवनीत, आरजू, संचित, निदा बी, अंकिता, भरत एवं हर्षदीप ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुति दी। वहीं ब्लू हाउस ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस टीम में गगनदीप, पूजा एवं श्वेता के निर्देशन में यशनीत, नवजोत, हर्ष एवं रिया ने भाग लिया। प्रतियोगिता का निष्पक्ष मूल्यांकन कुलदीप सिंह एवं सुरजीत सिंह ने निर्णायक के रूप में किया। विद्यालय के प्रबंधक प्रभदीप सिंह तथा प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता, स्वच्छता की भावना तथा टीमवर्क का विकास करती हैं।

# गोविंदा मॉर्निंग क्लब ने मनाया राष्ट्रीय मित्रता दिवस



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोविंदा मॉर्निंग क्लब बिजनौर ने 2 अगस्त को राष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर कर्मचारी नेता राकेश शर्मा ने मित्रों को संदेश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय मित्रता दिवस प्रतिवर्ष अगस्त माह के पहले रविवार को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि संसार में मित्र ही एक ऐसा व्यक्ति है जिसके साथ आप अपनी समस्याएं साझा कर उनका समाधान कर सकते हो। इस अवसर पर डॉक्टर प्रमोद कुमार गंज वाले, एडवोकेट राजीव चौहान,आशाराम सिंह, अशोक कुमार यादव, संजीव कुमार बिश्नोई, राकेश कुमार शर्मा, दिनेश चौहान, रतिराम सिंह, केपी सिंह,पंकज बिश्नोई आदि की उपस्थिति रही।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट

कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# कॉमनवेल्थ में बॉक्सिंग भारत की ताकत, 39 मेडल के साथ चौथे स्थान पर

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत ने 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज समेत कुल 39 मेडल जीते। वह मेडल टैली में चौथे नंबर पर रहा। पहली नजर में यह प्रदर्शन बर्मिंघम 2022 के 61 मेडल से कमजोर दिख सकता है, लेकिन आंकड़े अलग कहानी बताते हैं।

इस बार ग्लासगो में सिर्फ 10 खेल शामिल थे, जबकि बर्मिंघम में 19 खेल खेले गए थे। बैडमिंटन, कुश्ती, शूटिंग, हॉकी, टेबल टेनिस और क्रिकेट जैसे खेल ग्लासगो गेम्स का हिस्सा नहीं थे, जिनसे 2022 में भारत को 30 पदक मिले थे।




इसके अलावा भारत ने 210 खिलाड़ियों की जगह सिर्फ 123 खिलाड़ियों का दल भेजा। इनमें से 38 खिलाड़ी मेडल जीतकर लौटे, यानी सक्सेस रेट 31 प्रतिशत रहा। बर्मिंघम में यह आंकड़ा 29 प्रतिशत था। भारत के 39 पदकों में सबसे बड़ा योगदान बॉक्सिंग का रहा। मुक्केबाजों ने 7 गोल्ड और 3 सिल्वर समेत कुल 10 मेडल जीते। यानी हर चार में से एक मेडल बॉक्सिंग से आया। एथलेटिक्स में 10 मेडल आए, लेकिन इसमें गोल्ड नहीं मिला। वेटलिफ्टिंग से 8, पैरा एथलेटिक्स से 6, जूडो से 4 और पैरा पावरलिफ्टिंग से 1 मेडल मिला। कुल मिलाकर 39 में से 37 पदक सिर्फ पांच खेलों से आए।

## मीराबाई राष्ट्रगान सुन रो पड़ीं



कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने 39 मेडल जीतकर चौथा स्थान हासिल किया। वेटलिफ्टर मीराबाई चानू लगातार तीसरा गोल्ड जीतने के बाद राष्ट्रगान सुनकर रो पड़ीं।

## तेजस्विन ने चोट में भी रचा इतिहास



तेजस्विन शंकर ने डेकाथलन में भारत का पहला कॉमनवेल्थ मेडल जीता। उन्होंने चोटिल घुटने के बावजूद 10 इवेंट्स में हिस्सा लिया। कुछ मौकों पर उन्होंने कोचिंग का काम भी किया। वे साथी खिलाड़ियों को सलाह देते भी नजर आए।

## अस्मिता ने दिलाया जूडो का पहला गोल्ड



त्रिपुरा की अस्मिता डे ने भारत को कॉमनवेल्थ इतिहास का पहला जूडो गोल्ड दिलाया। फाइनल में पिछड़ने के बाद उन्होंने शानदार वापसी की। आर्थिक संघर्षों से निकलकर गोल्ड जीतने वाली अस्मिता ग्लासगो की सबसे इंस्पायर कहानियों में शामिल रहीं।

## गोल्ड मेडलिस्ट जैस्मिन लैंबोरिया होंगी भारत की ध्वजवाहक

**ग्लासगो (एजेंसी/चिंगारी)।** ग्लासगो 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं की 57 किग्रा बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीतने वाली जैस्मिन लैंबोरिया को होने वाले समापन समारोह के लिए भारत का ध्वजवाहक चुना गया है। इस समारोह में अहमदाबाद को



आधिकारिक तौर पर मेजबानी सौंपने की प्रक्रिया भी होगी, जो 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा। भारत अभी कुल 39 पदक – 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य – के साथ मेडल स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर काबिज है। इन गेम्स में खेलों की संख्या कम होने के बावजूद यह एक बड़ी उपलब्धि है। मुकाबले खत्म होने के बाद ग्लासगो 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स आधिकारिक तौर पर समापन समारोह के साथ समाप्त होंगे, जो आज 3 अगस्त को शुरू हुआ।

## 2026 की ग्लास्गो में शानदार क्लोजिंग, भारत को मिली 2030 की मेजबानी

ग्लास्गो में 11 दिनों तक चले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का समापन हो गया है, जिसमें भारत ने 39 पदक जीतकर चौथा स्थान हासिल किया। क्लोजिंग सेरेमनी में स्कॉटलैंड ने झंडा और बैटन भारत को सौंपा, जिसे 2030 के शताब्दी संस्करण की मेजबानी मिली है। ये गेम्स गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होंगे। स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 11 दिनों तक चले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का रविवार को समापन हो गया। इसी के साथ अब कॉमनवेल्थ गेम्स के 100 साल पूरे होने वाले शताब्दी संस्करण (2030) की मेजबानी की कमान भारत को सौंप दी गई है। साल 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स गुजरात के अहमदाबाद शहर में आयोजित किए जाएंगे।

### किस खेल में भारत को कितने मेडल

टोटल- 39

| खेल | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल मेडल |
|---|---|---|---|---|
| बॉक्सिंग | 7 | 3 | 0 | 10 |
| एथलेटिक्स | 0 | 5 | 5 | 10 |
| वेटलिफ्टिंग | 1 | 6 | 1 | 8 |
| पैरा एथलेटिक्स | 3 | 2 | 1 | 6 |
| जूडो | 2 | 1 | 1 | 4 |
| पैरा पावरलिफ्टिंग | 0 | 0 | 1 | 1 |

## नीरज से ज्यादा चर्चा यशवीर की हुई

जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने सिल्वर मेडल जीता, लेकिन सबसे बड़ा सरप्राइज यशवीर सिंह रहे। आखिरी थ्रो से पहले वे आठवें स्थान पर थे। छठे थ्रो में उन्होंने 85.41 मीटर का पर्सनल बेस्ट प्रदर्शन किया और ब्रॉन्ज जीत लिया।

## लवलीना का बिना खेले पक्का हुआ मेडल



कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले ही महिला 75 किलो वर्ग में सिर्फ पांच मुक्केबाज थीं। ऐसे में लवलीना बोरगोहेन सीधे सेमीफाइनल में पहुंच गईं और उनका मेडल पक्का हो गया। उन्होंने सिर्फ दो मुकाबले खेले। एक जीता और एक हारा, लेकिन सिल्वर अपने नाम कर लिया। यह भारत के सबसे अनोखे मेडल्स में से एक रहा।

### गुलवीर सिंह का डबल पोडियम

गुलवीर सिंह ने 10 हजार मीटर में सिल्वर और 5 हजार मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज जीतकर भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा दिया। ऐसा पहली बार हुआ कि किसी भारतीय ने ट्रैक एंड फील्ड में दो मेडल जीते।

# भारत की कॉमनवेल्थ कहानी को मिले नये हीरो

**ग्लासगो (एजेंसी/चिंगारी)।** माना जा रहा था कि ग्लासगो भारत की कमज़ोरी को उजागर करेगा।

वहां न तो शूटिंग थी, न कुश्ती, न बैडमिंटन, न हॉकी और न ही टेबल टेनिस। कई ऐसे खेल जो लंबे समय से भारत के कॉमनवेल्थ मेडल टैली को बढ़ाते रहे थे, वे इस बार प्रोग्राम से गायब थे। आसानी से यह अनुमान लगाया जा सकता था कि भारत को संघर्ष करना पड़ेगा। इसके बजाय, भारत ने खेलों में अपनी एक नई कहानी लिखी।

दशकों से, कॉमनवेल्थ गेम्स एक जाना-पहचाना सिलसिला रहा था। भारतीय निशानेबाज़ घड़ी की सुई की तरह सटीक निशाना लगाते थे, पहलवान कुश्ती में मेडल जीतते थे, वेटलिफ्टर भारी वज़न उठाते थे और तिरंगा इतनी बार लहराता था कि आंकड़े जुटाने वाले व्यस्त रहते थे। ग्लासगो में ऐसी कोई सुविधा नहीं थी।

वहां एक अलग भारत की ज़रूरत थी। इसका जवाब शूटिंग रेंज या कुश्ती के मैट से नहीं, बल्कि बॉक्सिंग रिंग से मिला। अगर भारत के अभियान का कोई साउंडट्रैक था, तो वह था लेदर ग्लव्स का शरीर से टकराने पर होने वाली धीमी आवाज़।

भारतीय मुक्केबाज़ों ने ग्लासगो को अपना निजी अखाड़ा बना लिया और रिकॉर्ड सात गोल्ड और तीन सिल्वर मेडल जीते। पुरुष और महिला मुक्केबाज़ों ने समान आत्मविश्वास के साथ बॉक्सिंग की, जिससे पता चला कि यह कोई गुज़रती हुई गोल्डन जेनरेशन नहीं थी, बल्कि यह बढ़ते हुए टैलेंट पूल और एक ऐसे सिस्टम का नतीजा था जो अब फल देने लगा था। कभी शूटिंग भारत के लिए कॉमनवेल्थ में मेडल की




गारंटी हुआ करती थी। अगर दूसरी जगहों पर मेडल नहीं मिल पाते थे, तो निशानेबाज़ अक्सर स्थिति संभाल लेते थे। ग्लासगो में, बॉक्सिंग ने ज़बरदस्त दबदबे के साथ यह भूमिका निभाई। एथलेटिक्स ने भी चुपचाप कुछ गिने-चुने स्टार्स पर अपनी पुरानी निर्भरता को छोड़ दिया। नीरज चोपड़ा सबसे बड़े आकर्षण बने रहे, लेकिन अब देश की उम्मीदों का बोझ अकेले उन्हीं के कंधों पर नहीं था। मुरली श्रीशंकर, सर्वेश कुशारे, गुलवीर सिंह, तेजस्विन शंकर और यश वीर सिंह ने यह सुनिश्चित किया कि ट्रैक और फील्ड से लगातार मेडल आते रहें। गुलवीर का दो मेडल जीतने वाला प्रदर्शन शायद इस बदलाव को सबसे अच्छी तरह दिखाता है। भारत अब सिर्फ़ इक्का-दुक्का शानदार प्रदर्शन का जश्न नहीं मना रहा था, वह अपनी गहराई और क्षमता को पहचान रहा था। फिर पैरा-एथलीट आए, जिन्होंने देश की खेल कहानी में सिर्फ़ एक भावुक फुटनोट बनकर रहने से इनकार कर दिया। शर्मिला धनखड़, दिलीप गावित और सोमन राणा के गोल्ड मेडल किस्मत की मेहरबानी नहीं थे।

# किरतपुर में हुआ बामसेफ का जिला अधिवेशन

## निजीकरण, राष्ट्रीयकरण, मूल निवासी बहुजन संगठनों की एकजुटता पर दिया जोर

**किरतपुर ( चिंगारी )।** बामसेफ के तत्वावधान में कल स्थानीय आरके गार्डन में जिला अधिवेशन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल कुमार उज्जैनवाल ने तथा संचालन राकेश कुमार ने किया। स्वागत सत्र का संचालन रणवीर सिंह ने किया।

उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ताओं ने भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से लागू किए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे ही मूल निवासी बहुजन समाज के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित हो सकती है। वक्ताओं ने वर्तमान सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों पर विचार रखते हुए बहुजन समाज की एकता और संगठन को समय की आवश्यकता बताया।




वक्ताओं ने निजीकरण की नीति की आलोचना करते हुए इसे मजदूरों, कर्मचारियों और आम जनता के हितों के विपरीत बताया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों का राष्ट्रीयकरण राष्ट्रहित में है और इससे सामाजिक न्याय तथा समान अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। जाति व्यवस्था, पूंजीवाद और सामाजिक असमानता जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। कई वक्ताओं ने संविधान आधारित व्यवस्था को मजबूत करने तथा मूलनिवासी बहुजन समाज को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया।

दूसरे सत्र में 'मूलनिवासी बहुजन संगठनों की एकता के बुनियादी सिद्धांत और कार्यक्रम' विषय पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान रामकुमार सिंह, गोरख धीमान, विनोद भारती, सहदेव भारती, विमल कटारिया, अजयपाल सैनी सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। सत्र की प्रस्तावना राजेंद्र सिंह ने प्रस्तुत की, जबकि संचालन प्रह्लाद कुमार एवं राकेश कुमार ने किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में गजेंद्र बिंद, सूरत सिंह, मनोहर, अभय सिंह, शमीम अंसारी तथा अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग दिया। अधिवेशन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की भी सहभागिता रही। बबीता, शशि, अनीता, कौशल्या, अर्चना धीमान, योगिता, साधना अंसारी, शमीम अंसारी, कमलेश और कविता धीमान सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## बढ़ापुर आये दीपक कुमार, स्वागत हुआ जोरदार



**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ हुए विवाद के बाद चर्चा में आने वाले उत्तराखंड के कोटद्वार निवासी जिम ट्रेनर दीपक कुमार का नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. दिलशाद अंसारी के आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। रविवार को अपने निजी कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़ापुर डॉ. दिलशाद अंसारी के आवास पर पहुंचे कोटद्वार निवासी दीपक कुमार का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गय। चेयरमैन दिलशाद अंसारी ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दीपक कुमार ने कहा कि हर व्यक्ति को उस व्यक्ति की मदद को आगे आना चाहिए जिसके साथ कहीं भी कोई अन्याय हो रहा हो, हमें उसका धर्म नहीं देखना चाहिए, इंसानियत और अपने देश की गंगा-जमुनी तहजीब को बचाने के लिए मोहब्बत का पैगाम देना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष दिलशाद अंसारी, डा. इंतखाब अंसारी, मोहम्मद इरशाद, खुर्शीद सलमानी, नफीस अख्तर, मोहम्मद उस्मान, नफीस अहमद एडवोकेट, अतीक अली जैदी, तारिक एडवोकेट आदि ने अपने विचार रखे।

## सोलर प्लांट का केबल चुराया गांव में पानी का संकट आया

**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव तकीपुरा स्थित सरकारी पानी की टंकी पर लगे सोलर प्लांट का मुख्य केबल काटकर चोरी कर लिया। घटना के बाद से गांव में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है, जिससे ग्रामीणों के सामने पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब 11 बजे जब ग्रामीण पानी की टंकी परिसर में पहुंचे, तो सोलर प्लांट का केबल कटा हुआ मिला। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जांच में सामने आया कि चोरों ने देर रात सोलर पैनलों को पानी की टंकी की मोटर से जोड़ने वाले मुख्य केबल काट लिया। मामले की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। केबल कट जाने से पानी की टंकी की मोटर बंद पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। तुरंत ही ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना पुलिस और पेयजल विभाग के अधिकारियों को दी। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने और चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। हलका दरोगा संयम यादव ने बताया कि चोरी की घटना की जांच की जाएगी।

## शिविर में 82 मरीजों की नि:शुल्क जांच कर दवाई दी

**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल समग्र ग्राम विकास गतिविधि द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किरतपुर खंड के ग्राम कुम्हैड़ा के ग्राम पंचायत भवन में लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता अवनीश निर्वाल द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। विवेक कालेज बिजनौर के शल्य विभाग के एचओडी प्रसिद्ध डॉ. धीरज शर्मा के नेतृत्व में अन्य चिकित्सकों ने मरीजों की नि:शुल्क




जांच की तथा नि:शुल्क दवाइयां दीं। मरीजों की संख्या 82 रही। कार्यक्रम में विभाग संयोजक समग्र ग्राम विकास सौपाल, जिला संयोजक विपुल, डॉ. भूपेंद्र कुमार जिला संयोजक पर्यावरण गतिविधि उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान विपिन निर्वाल, पंडित दयास्वरुप शर्मा, जीतू शर्मा, भारत कुमार, पूर्व प्रधान डॉ. रामकुमार ने सहयोग किया।

## रालोद की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

### बूथ सशक्तिकरण संवाद एवं सम्मान समारोह का आयोजन



**चांदपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल के युवा नेता अंकुल चौधरी की ओर से बूथ सशक्तिकरण संवाद एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रालोद सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिडडी एवं मुख्य वक्ता संसदीय बोर्ड के सदस्य रालोद मुंशीरामपाल सिंह रहे।

यहां नूरपुर रोड स्थित मंडप में रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल सिंह कश्यप की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ रालोद नेता चौ. वीरेन्द्र सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमरजीत सिंह बिडडी ने नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह व चौ. अजित सिंह के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। पूर्व सांसद एवं मुख्य वक्ता मुंशीराम पाल ने कहा कि रालोद ने हमेशा गरीबों, किसानों, व्यापारियों व सर्वसमाज के लोगों के उत्थान के लिए कार्य किया। वरिष्ठ नेता डा. नीरज चौधरी ने बूथ को मजबूत बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर अमरजीत सिंह बिडडी ने वरिष्ठ नेता वीरेंद्र चौधरी को रूहेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष, सहकारिता प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय लोकदल नियुक्त किए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर चौधरी ब्रजबीर सिंह (प्रदेश महासचिव, राष्ट्रीय लोकदल), डॉ. नीरज चौधरी, पूनम चौधरी, संजीव राठी, रामकुमार (हस्तिनापुर क्षेत्रीय अध्यक्ष, सहकारिता प्रकोष्ठ), हनी तोमर (क्षेत्रीय अध्यक्ष, युवा राष्ट्रीय लोकदल), एड. अजयवीर सिंह (रूहेलखंड क्षेत्र महासचिव), चौधरी वीरपाल (रूहेलखंड क्षेत्र महासचिव), सुरेश कश्यप (क्षेत्रीय महासचिव), विजयजीत चौधरी (जिला सचिव), सुबोध कुमार (जिला महासचिव), पीतम सिंह (पूर्व प्रधान, जिला उपाध्यक्ष), संजीव कुमार, मास्टर इंद्रमणि, शुभम चौधरी, चंद्रपाल सिंह (त्रिपुरी), रईस अंसारी (सदर), जुल्फार अंसारी, मयंक चौधरी, राम सिंह, राजकुमार उर्फ राजू (ग्राम, रणवीर सिंह उपस्थित रहे।

# ज्ञान से अंधकार दूर होता है- प्रो. माहेश्वरी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** धर्मवीर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटशन में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास मेरठ प्रांत की दो दिवसीय प्रांतीय कार्यशाला के प्रथम दिन का शुभारंभ गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी के कुलपति सचिन महेश्वरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्या से शिक्षा, शिक्षा से ज्ञान, ज्ञान से हमें अंधकार से प्रकाश का मार्ग प्रशस्त होता है। हमें लक्ष्य निर्धारण कर समय का ध्यान रखना अतिआवश्यक है। कार्यक्रम के संयोजक योगेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि सच्चा कार्यकर्ता लाभ, पद, मोह, प्रतिष्ठा से दूर रहकर निस्वार्थ भाव से कार्य करता है। प्रांत के अध्यक्ष अनिल मलिक ने बताया राष्ट्र किसी भौगोलिक सीमाओं में नहीं बंधा होता है। प्रो. हरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में बताया विचार जितना उच्च कोटि का होगा, उसकी उपलब्धि भी उतनी ही श्रेष्ठ होती है।




कार्यशाला के समापन पर कॉलेज के चेयरमैन मनोज चौहान ने सभी अतिथियों का आभार किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. हरेंद्र सिंह व संचालन डॉ. हरवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक विद्यालयों के प्रधानाचार्य सुनीत प्रकाश त्यागी, कोमल सिंह यादव, सत्यवीर गुप्ता, प्रशांत राठी, उमेश सेनरा, दिनेश चौहान,भूपेंद्र सिंह, सोमवीर सिंह, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत स्वरूप एकादमी में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन




**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर-धामपुर रोड पर मीमला स्थित भारत स्वरुप अकादमी में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन तथा सामान्य विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से इंटर हाउस विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों- गायत्री हाउस, प्रगति हाउस, कल्पना हाउस एवं स्मृति हाउस के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सामान्य विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान, पर्यावरण एवं समसामयिक वैज्ञानिक घटनाओं से संबंधित विभिन्न रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे गए।

सभी प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास, त्वरित सोच एवं उत्कृष्ट टीम भावना का परिचय दिया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए प्रथम स्थान पर खुशांत, धर्यांश एवं कार्तिक (प्रगति हाउस) एवं द्वितीय स्थान पर आराध्या, अंश व शाहिब (स्मृति हाउस) को घोषित किया सभी विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती उपासना यादव ने कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि जिज्ञासा, नवाचार और तार्किक सोच का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर सीखने और नई खोजों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर परवेंद्र कुमार, यश कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना यादव का विशेष योगदान रहा ।

# सौरभ मालपानी पहुंचे नहटौर, कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया पुरजोर

**नहटौर ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का धामपुर जिलाध्यक्ष मनोनीत होने के बाद पहली बार नहटौर पहुंचे सौरभ मालपानी का बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं पहनाकर और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रविवार को नहटौर पहुंचे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सौरभ मालपानी ने सर्वप्रथम संगठन का आभार व्यक्त किया। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन ने मुझे जो दायित्व सौंपा है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा। जिले में हिंदुत्व की रक्षा, गौ-सेवा और सनातन संस्कृति के संवर्धन के लिए बजरंग दल व विहिप का प्रत्येक कार्यकर्ता सदैव तत्पर रहेगा। युवाओं को धर्म और समाज सेवा के कार्यों से जोड़ना हमारी पहली



नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सौरभ मालपानी का फूलमाला से स्वागत करते कार्यकर्ता

प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर बजरंग दल के जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख राजन चंद्रा ने कहा कि सौरभ मालपानी के जिलाध्यक्ष बनने से संगठन को एक नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में नगर गौरक्षा प्रमुख वंश सैनी, नगर सुरक्षा प्रमुख पंकज सैनी, नगर शहर गौरक्षा प्रमुख तुषार चंद्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई।


# बाइक सर्विस सेंटर का उद्घाटन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सभासद शेख रईस अहमद ने बिजनौर रोड पर खुले मोटरसाइकिल सर्विस सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर शेख रईस अहमद, मौ. युनूस ताऊ, लारा सभासद, नवेद अहमद सभासद, नसीमुद्दीन, शहजाद अहमद, मौ. फैसल, मोहम्मद आकिब, मोहम्मद साकिब, सरताज अहमद, सरफराज अहमद, मौ. अबरार, मो. बिलाल, मौ. सुहैल आदि उपस्थित रहे। दुकान स्वामी सरताज अहमद ने ग्राहकों को उचित मूल्य में बेहतर सर्विस देने का भरोसा दिलाया।



# गंगा के पानी से सड़क टूट गई

चांदपुर (चिंगारी)। खादर क्षेत्र में पांडवनगर पुलिस चौकी के सामने तिराहे पर बाढ़ के पानी की धार से सड़क टूट गई। सड़क के टूटने से ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। गंगा का स्तर बढ़ने से खादर क्षेत्र के अनेक गांवों व उनके जंगलों में कई कई फीट पानी भरा हुआ है। रायपुर खादर, जलालपुर आदि अनेक गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति है।



# युवाओं को राष्ट्रीय लोकदल से जोड़ने पर जोर





## ग्राम माढ़ी में युवा सम्मेलन का आह्वान

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम माढ़ी स्थित बैंकट हॉल में रविवार को राष्ट्रीय लोकदल के तत्वावधान में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले भर से बड़ी संख्या में युवाओं, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान को गति देने तथा युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों और समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों के लिए निरंतर संघर्षरत है। पूर्व सांसद मुंशी रामपाल सिंह ने कहा कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा का सशक्त साधन है। पूर्व विधायक सुखवीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की विचारधारा सदैव किसान, गरीब और आमजन के हितों की रक्षा करती रही है।

राष्ट्रीय लोकदल प्रोफेशनल मंच के राष्ट्रीय सचिव सीए चंचल चिकारा ने कहा कि देश का युवा नई सोच, नई तकनीक और नये उत्साह के साथ आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के आयोजक नितिन चिकारा ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को संगठन की विचारधारा से जोड़कर उन्हें सामाजिक एवं राजनीतिक नेतृत्व के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर अशोक चौधरी, डा. नीरज चौधरी, ब्रजवीर सिंह, पूनम चौधरी, हनी तोमर, परितोष चंदेल, चेयरमैन सुरेंद्र चिकारा, कुलदीप चिकारा, संजीव चौधरी, राकेश खरक, सरदार बुध सिंह, नागेंद्र नैन, सुचित चिकारा, डॉ. विपिन तोमर, ओमवीर पहलवान सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने की, जबकि संचालन एवं संयोजन आयोजक नितिन चिकारा तथा सचिव सीए चंचल चिकारा ने संयुक्त रूप से किया।

# जलाभिषेक को मंदिर में उमड़े भक्त
# पुलिस कर रही है लगातार गश्त



**पैजनिया (चिंगारी)।** आज सावन के पहले सोमवार को स्थानीय बड़े शिव मंदिर में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। इस अवसर पर गांव की महिलाओं ने बेल पत्र व पुष्प अर्पित कर शिवलिंग की पूजा की। सुबह से ही मंदिर परिसर में भोले के भक्तों की भीड़ लगी रही। उधर, श्रावण मास में निकल रही कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में पैजानिया चौराहे पर कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। चौराहे पर बैरियर लगाकर यातायात को नियंत्रित किया गया, ताकि कांवड़ लेकर गुजर रहे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा या बाधा का सामना न करना पड़े। कांवड़ियों की वेशभूषा में पुलिसकर्मी नहटौर-चांदपुर मार्ग पर लगातार गश्त कर रहे हैं। इस मार्ग से कांवड़ियों के वाहन के साथ केवल दोपहिया वाहन ही निकाले जा रहे हैं। बड़े वाहनों को हल्दौर मार्ग से निकाला जा रहा है। चौराहे पर अग्नि शमन की टीम भी मोबाइल बाइक के साथ तैनात है। हल्दौर थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह राठी दिन-रात मुस्तैद हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी भी कांवड़ियों की सुरक्षा में लगातार गश्त कर रहे हैं।

## पुलिस पूरी तरह मुस्तैद- थाना प्रभारी

हल्दौर थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह राठी ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। साथ ही आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें, पुलिस का सहयोग करें तथा कांवड़ यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखें। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस प्रशासन की इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि बैरियर एवं यातायात नियंत्रण के कारण कांवड़ियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल रहा है, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो रही है।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के दोनों आरोपी गिरफ्तार



**नूरपुर (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दो दिन पूर्व पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि गांव निवासी युवक पारस कुमार उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर गाड़ी में ले गया तथा गाड़ी में ही उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में पारस ने गांव निवासी अपने मित्र आसिफ को बुलाया तथा किशोरी को लेकर कमरे की तलाश में चांदपुर गए, लेकिन वहां कमरा नहीं मिलने पर आरोपी किशोरी को स्योहारा रोड स्थित एक विवाह मंडप में ले गये, जहां उसके साथ बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद आरोपी युवक किशोरी को बेहोशी की हालत में गांव के बाहर एक बाग में छोड़कर फ़रार हो गए थे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार के नेतृत्व में बनी पुलिस टीम ने रविवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया।

# प्रबल हत्याकांड : बाल अपचारी के विरुद्ध किशोर न्याय बोर्ड में सुनवाई 5 अगस्त को

**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रबल हत्याकांड में सात लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है और वे जिला कारागार में बंद हैं। इस मामले में एक बाल अपचारी भी शामिल है। इस बाल अपचारी के विरुद्ध किशोर न्याय बोर्ड बिजनौर में मामला विचाराधीन है, जिसमें सुनवाई की तिथि 5 अगस्त नियत है। किशोर न्याय बोर्ड बिजनौर के प्रधान मजिस्ट्रेट ने मामले के विवेचक रिटायर्ड एसएसआई अब्दुल सलाम को 5 अगस्त को गवाही के लिये तलब किया है। सूत्रों के अनुसार यह सुनवाई अंतिम चरण में है। तत्कालीन एसएसआई अब्दुल सलाम जो अब रिटायर हो चुके हैं, ने अपनी विवेचना के बाद सात अन्य अभियुक्तों के साथ-साथ एक बाल अपचारी (नाबालिग) के वरुद्ध धारा 147, 149, 364, 302, 201, आईपीसी के अंतर्गत दिनांक 18.05.2013 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। उक्त आरोप पत्र पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बिजनौर द्वारा दिनांक 07.10.2014 को प्रसंज्ञान लिया गया। किशोर अपचारी घोषित होने पर उसकी पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड में विचारण हेतु प्रेषित की गई थी। 7 अभियुक्तों को अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाये जाने के बाद अब सबकी नजरें किशोर न्याय बोर्ड बिजनौर और इलाहाबाद हाईकोर्ट पर लगी हैं, जहां कल 4 अगस्त को 13 अन्य आरोपियों के विरुद्ध दायर याचिका पर सुनवाई होनी है।

# दहेज के लिये प्रताड़ित करने का आरोप

**चांदपुर (चिंगारी)।** एक विवाहिता ने अपनी ससुराल वालों पर दहेज में कार व 5 लाख रुपए की मांग करने तथा मांग पूरी न होने पर उसको प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना-पत्र में सराय शेख निवासी अंजुम सैफी पुत्री स्व. इदरीस अहमद ने बताया कि उसकी शादी 28 जून 2024 को सलीम निवासी मुरादाबाद के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसकी ससुराल वाले दहेज में कार व 5 लाख रुपए की मांग कर रहे थे। 20 सितम्बर 2025 की रात्रि में ससुराल वालों ने उसकी जान लेने की कोशिश की तथा उसे घर से निकाल दिया। विवाहिता ने बताया कि उसका पति परिवार के अन्य लोगों के साथ उसके घर आया तथा उसके साथ मारपीट की, उसके शोर मचाने पर आरोपी उसको जान से मारने की धमकी व तलाक देने की धौंस देते हुए वहां से भाग गये।

# 'अकड़ मत' गाना यू ट्यूब पर रिलीज

**बिजनौर (चिंगारी)।** रिहाना फिल्मस मुम्बई के बैनर तले 'अकड़ मत' गाने की शूटिंग 3 जून को डीडीपीएस स्कूल में की गई थी, जिसका मुहूर्त सांसद रुचि वीरा की पुत्री स्वाति वीरा ने किया था। गाना बिजनौर और दिल्ली व मुम्बई के कलाकारों पर फिल्माया गया। एक अगस्त को एएसए यूटयूब चैनल पर गना रिलीज भी हो गया। गाने के डायरेक्टर शान मोहम्मद रहे। एसोसिएट डायरेक्टर के.के. पीपल रहे। गाने में आरिस सिद्दीकी और चारू शर्मा ने निभाई। सपोर्टिंग कलाकार शाहरुख, कैलाश और अहमद ने अभिनय किया। गाने के बोल शाकिर अंसारी ने लिखे। संगीत आसिम शेख ने दिया। गाने के प्रोड्यूसर शाकिर अंसारी और डायरेक्टर शान मोहम्मद, कैमरामैन नासिर अली असगर, मैकअपमैन सरजिल रहे।



# शराब उधार न देने पर सेल्समैन के साथ मारपीट की

**चांदपुर (चिंगारी)।** शराब की दुकान पर सेल्समैन ने शराब उधार नहीं दी तो पांच युवकों ने उसके साथ गाली-गलौच व हाथापाई की। थाने में दी गई तहरीर में संजीव कुमार पुत्र पीतम सिंह निवासी ग्राम खानपुर खादर ने बताया कि वे दत्तियाना स्थित देसी शराब की दुकान पर सेल्समैन हैं। संजीव कुमार के अनुसार रविवार की दोपहर को 4-5 लड़के उसकी दुकान पर आये। उनमें से एक युवक ने उससे शराब का पव्वा उधार मांगा, उसके द्वारा उधार देने से मना करने पर युवक जबरन उसकी दुकान के अंदर घुस आये तथा उसके साथ गाली-गलौच व हाथापाई करनी शुरू कर दी तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए चेतावनी दी कि यदि वह दुकान पर दिखाई दिया तो उसे जान से मार देंगे। सेल्समैन ने बताया कि आरोपियों में रवि, अतरु व अरविन्द व दो अज्ञात हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में भूलवश मेरा नाम राजेंद्र पुत्र श्री वीरेंद्र शर्मा लिखा गया, जबकि मेरा सही नाम राजेंद्र शर्मा पुत्र वीरेंद्र प्रसाद शर्मा है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **-राजेंद्र शर्मा पुत्र वीरेंद्र प्रसाद शर्मा, निवासी ग्राम विजयनगर, पोस्ट कादराबाद, थाना अफजलगढ़ बिजनौर**

# राष्ट्रीय भीम पैंथर सेना की बैठक में पदाधिकारियों का मनोनयन

**नहटौर (चिंगारी)।** नगर की दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित डॉ. मयंक पाराशर के आवास पर राष्ट्रीय भीम पैंथर सेना की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के संस्थापक अध्यक्ष राजवीर सिंह ने की।

रविवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष राजवीर सिंह ने कहा कि समाज के अधिकारों और न्याय की लड़ाई के लिए संगठन का सशक्त होना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष राजवीर सिंह ने संगठन का विस्तार करते हुए अमित कुमार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रकाश वीर भारती को राष्ट्रीय महासचिव, धर्मवीर सिंह भारती को राष्ट्रीय सलाहकार, रजनीश कुमार को राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं बिजनौर उपाध्यक्ष इनके अलावा डॉ. इशरत अली को राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी एवं जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया। इस अवसर पर यश कुमार, राजेंद्र सिंह, बिजेंद्र कुमार, परमवीर सिंह, राधेश्याम सिंह, विजयपाल सिंह, प्रताप सिंह, विनय कुमार, परवेन्द सैनी, राकेश वीर, जावेद अख्तर, नुसरत अली, अकरम खान कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# शोभित विश्वविद्यालय में नशामुक्त युवा अभियान का शुभारंभ




**सहारनपुर ( चिंगारी )।** रविवार को शोभित विश्वविद्यालय, गंगोह के श्री जे.पी. माथुर ऑडिटोरियम में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जेन-जी युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने इस राष्ट्रव्यापी अभियान को सफल बनाने हेतु युवाओं से मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने, राष्ट्रहित में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने तथा विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति हैं। प्रधानमंत्री ने आगामी 100 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार कला, संस्कृति, खेल एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने, शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म के माध्यम से देश के करोड़ों युवाओं को इस जन-अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, सहारनपुर के स्वयंसेवकों अनिकेत, अगस्त्य, आकाश, विशाखा, सुमित एवं तरुण कुमार का विशेष सहयोग रहा।

# शिक्षकों की लगाई ड्यूटी अन्य कार्यों पर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा असर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी मतदाता पुनरीक्षण, मतगणना, राशन कार्ड सत्यापन एवं अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाए जाने से स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। अभिभावकों ने इस तरह के कार्य में शिक्षकों के अलावा अन्य विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने की मांग की है। झंडीचौड़ स्थित राजकीय इंटर कालेज के अभिभावक शिक्षक संघ अध्यक्ष आनंद घिल्डियाल ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय के अधिकतर शिक्षकों की ड्यूटी गैर शैक्षणिक कार्यों में लगी हुई है जिससे विद्यार्थियों के पठन-पाठन पर असर पड़ रहा है। बताया कि विद्यालय में पूर्वी, पश्चिमी एवं उत्तरी झंडीचौड़ क्षेत्र के लगभग 450 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। पहले से ही विद्यालय में अर्थशास्त्र, हिंदी और इतिहास विषय के प्रवक्ताओं के पद रिक्त हैं। ऐसे में शिक्षकों की ड्यूटी विशेष गहन पुनरीक्षण, जनगणना एवं राशन कार्ड सत्यापन जैसे कार्यों में लगाए जाने से नियमित शिक्षण कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक ही विद्यालय के कई शिक्षकों को एक साथ गैर-शैक्षणिक कार्यों में तैनात किए जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है। उन्होंने शिक्षकों को इस तरह के कार्यों से मुक्त रखने के साथ ही प्रदेश सरकार से अपील की कि ऐसे कार्यों में अन्य विभागों के कर्मचारियों की भी ड्यूटी भी लगाई जानी चाहिए।

# हाथियों का झुंड पहुंचने लगा ग्राम बूचाखाल तक


जयहरीखाल ब्लाक के गांव बूचाखाल की सड़क से गुजरते हाथी।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जयहरीखाल ब्लॉक के दुर्गम गांवों में हाथियों की दहशत बरकरार है। कुछ समय से हाथियों का झुंड जयहरीखाल ब्लाक के ग्राम खैणी, बडगांव, मेरूड़ा और पठोलगांव के आसपास ही घूम रहा था, लेकिन अचानक हाथियों का एक झुंड ब्लाक के दुर्गम गांव बूचाखाल भी पहुंच गया। हाथियों को अचानक देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए। उन्होंने किसी तरह शोर मचाकर हाथियों को आबादी से दूर खदेड़ा। गनीमत यह रही कि हाथी बिना कोई नुकसान पहुंचाए चले गए। रविवार को स्थानीय निवासी आदित्य कुमार, संजय सिंह, मनोहर लाल, मनोज कुमार और दीपक कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिन से पास के गांवों में आतंक मचाने के बाद हाथी बूचाखाल के नजदीक के गांवों में पहुंच गए। बताया कि किसी तरह उन्होंने अन्य ग्रामीणों की मदद से झुंड को आबादी से दूर भगाया। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि मैदानी क्षेत्रों को छोड़ हाथी अब पहाड़ों का भी रूख करने लगा है। नजदीकी वन चौकियों में कर्मचारी तो हैं पर उनके पास हाथियों को भगाने के लिए जरूरी हथियार नहीं हैं। ऐसे में किसी बड़ी अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। मौके पर उन्होंने वन विभाग से हाथियों को आबादी से दूर रखने के लिए प्रभावी एवं स्थायी व्यवस्था करने की मांग की।

# कंचनपुरी में ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए किया भूमि का चयन, विरोध में उतरे क्षेत्रीयजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत भाबर क्षेत्र के कंचनपुरी हल्दूखाता में ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए चयनित भूमि का प्रशासन की टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रशासन की ओर से गठित टीम चयनित भूमि का निरीक्षण करने पहुंची थी। बताते चलें कि कंचनपुरी में ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए वन भूमि का चयन किया गया है। नगर निगम की ओर से ट्रेंचिंग ग्राउंड निर्माण के लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए थे। इससे पूर्व, निर्माण कार्य शुरू होता, क्षेत्रीय जन ने ट्रेंचिंग ग्राउंड निर्माण का विरोध करने के साथ ही उच्च न्यायालय में वाद दायर कर दिया। 22 जुलाई को दायर याचिका की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने जिला प्रशासन को टीम गठित कर चयनित भूमि का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय जन की ओर दायर वाद में यह भी कहा गया कि प्रस्तावित स्थल रतनाल नदी से सटा हुआ है। न्यायालय ने जिला प्रशासन को यह भी निर्देश दिए कि प्रस्तावित स्थल की रतनाल नदी से दूरी भी स्पष्ट करें। न्यायालय के आदेश पर उपजिलाधिकारी संदीप कुमार द्वारा गठित छह सदस्यीय टीम ने चयनित स्थल का निरीक्षण किया। वहीं इस संबंध में उपजिलाधिकारी ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट शीघ्र जिलाधिकारी को प्रेषित कर दी जायेगी।

# अजीत डोभाल को राष्ट्रीय पुरस्कार हुआ प्राप्त पूर्व सैनिक सेवा परिषद में हर्ष व्याप्त

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद से जुड़े पूर्व सैनिकों ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। कहा कि उत्तराखण्डवासी उनके सम्मानित होने से गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस संबध में रविवार को परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अजीत डोभाल पिछले 50 वर्षों से राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। 1970 के दशक में उन्होंने पाकिस्तान में 7 वर्ष गुप्त रूप से रहकर देश की सेवा की। ऑपरेशन ब्लैक थंडर, सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयरस्ट्राइक और पूर्वोत्तर में शांति बहाली में उनकी भूमिका अविस्मरणीय है। उनकी डिफेंसिव आफेंस की नीति ने भारत की सुरक्षा नीति को नई दिशा दी है। कीर्ति चक्र, पद्म भूषण और अब लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए।

बैठक में परिषद अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नेगी, बलवान सिंह रावत, अनूप बिष्ट, वीरेन्द्र सिंह रावत और गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल सहित परिषद से जुड़े अन्य पूर्व सैनिक शामिल रहे।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

# ब्रह्माकुमारीज ने शुरू किया 10 करोड़ नशामुक्त प्रतिज्ञा महाअभियान




**देहरादून ( चिंगारी )।** ब्रह्माकुमारीज द्वारा राष्ट्रव्यापी स्तर पर आज से शुरू किए गए 10 करोड़ नशा मुक्त प्रतिज्ञा अभियान के तहत देहरादून ब्रह्माकुमारीज केंद्र पर आयोजित भव्य व दिव्य समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने भेजे सन्देश में कहा कि ब्रह्माकुमारीज के प्रयासों से निश्चित ही 10 करोड़ नशामुक्त प्रतिज्ञा महाअभियान निर्धारित समयावधि में पूरा होगा।

उत्तराखंड केबिनेट मंत्री डॉ. धनसिंह रावत ने कहा कि 6 अगस्त से 20 अगस्त के बीच 10 करोड़ युवाओं को नशामुक्त प्रतिज्ञा कराना एक कीर्तिमान है। उन्होंने बताया कि सरकार सभी विद्यालयों व कॉलेजों में प्रार्थना के समय 20 मिनट का समय ब्रह्माकुमारीज को आवंटित कर रही है ,ताकि बच्चों को ब्रह्माकुमारीज के सुसंस्कार व सदगुण प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि पौड़ी गढ़वाल में उन्होंने स्वयं ब्रह्माकुमारीज के सहयोग से 10 लाख लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई है। पर्यावरण विद पद्मश्री डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि नशे का युद्ध अंतराष्ट्रीय युद्धों से कही बड़ा है हम सिर्फ युवाओं से ही नशामुक्ति की अपेक्षा नही कर सकते बल्कि प्रकृति ही प्रवृत्ति तय करती है। उन्होंने जेन-जी का मुद्दा उठाते हुए युवाओं की शक्ति का आभास कराया। हरिद्वार ब्रह्माकुमारीज केंद्र प्रभारी बीके मीना दीदी ने कहा कि नशामुक्त भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है। केबिनेट मंत्री डॉ. धनसिंह रावत, राजयोगिनी बीके मंजू दीदी, राजयोगिनी बीके मीना दीदी, पद्मश्री डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, संत सियाराम महाराज, विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति डॉ. श्रीगोपाल नारसन, समाजसेवी अमरीश त्यागी व ब्रह्माकुमार सुशील भाई ने नशा मुक्त भारत महा अभियान का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके व पोस्टर जारी करके किया।

# सावन का पहला सोमवार, शिवालयों में लगी श्रद्धालुओं की कतार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। शुगर मिल शिव मंदिर, गीता नगरी शिव मंदिर, काली मंदिर, चामुंडा मंदिर, शिव मंदिर नई बस्ती, चौरासी घंटा मंदिर, पंचमुखी मंदिर पर भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु हर-हर महादेव और बोल बम के साथ अपनी बारी का इंतजार करते हुए शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित करते नजर आए। सावन के पहले सोमवार पर श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय माहौल से भर दिया।

## जलाभिषेक को भीड़ उमड़ी

**नहटौर ( चिंगारी )।** सावन के पहले सोमवार पर नहटौर नगर व क्षेत्र में शिवालयों में पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भगवान शिव से सुख-शांति, समृद्धि की कामना की। नहटौर के झारखंड महादेव मंदिर झारखंडी, चामुंडा देवी मंदिर, नाग देवता मंदिर फरीदनगर, पाड़ला, फुलसंदा, नहटौर के जोखा सराय, मां कालिका मंदिर नहटौर, बल देवता मंदिर व अनेक शिवालयों पर श्रद्धालुओं की भारी उमड़ी। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा कांवड़ियों के लिये व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर भी फूल बेलपत्र चढ़ाकर जलाभिषेक किया।

## शिवालयों में भीड़ उमड़ी



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आज श्रावण (सावन) मास के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर शिवालयों में शिव स्तुति करने को शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने व्रत-उपवास रखे तथा भगवान आशुतोष से घर में सुख, शांति एवं समृद्धि के वास की कामना की। नांगल में थाने के सामने ग्राम जीतपुर तथा शहजादपुर की सीमा पर स्थित शिव मंदिर में शिवभक्तों की सर्वाधिक भीड़ उमड़ी। यहां सुबह से ही शिवभक्तों की लाइन लगी रही। इसके अलावा मुख्य बाजार वाले शिव मंदिर, छतरी वाले कुएं के सामने स्थित शिव मंदिर, चमेली वाले शिव मंदिर,खानपुर में प्राचीन कुआं शिव मंदिर, कुटी वाले शिव मंदिर, शहजादपुर में मुख्य मार्ग के किनारे स्थित शिव मंदिर में भी श्रद्धालु काफी संख्या में भगवान भोलेनाथ की आराधना करने को पहुंचे। आसपास के गांवों में भी सावन के पहले सोमवार को शिवालय शिवभक्तों से गुलज़ार रहे।

## शिवभक्तों ने श्रावण मास के पहले सोमवार को श्रद्धा के साथ किया जलाभिषेक




**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** श्रावण मास के पहले सोमवार को भारी संख्या में शिवभक्तों ने हरिद्वार से गंगाजल लाकर जलाभिषेक किया। श्रावण मास का महीना भगवान शिव की आराधना का विशेष महीना होता है। भगवान शिव को सोमवार का दिन बहुत हो प्रिय है। आज श्रावण मास का पहला दिन है। सोमवार को सभी जगह शिव मंदिरों पर जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। मंडावली क्षेत्र के प्रसिद्ध स्वयंभू मोटा महादेव सिद्धपीठ मंदिर पर हरिद्वार से चलकर आने वाले कांवड़ियों के साथ क्षेत्र के आस-पास के गांवों के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर शिवलिंग पर जल चढ़ाने के साथ दूध, दही, शहद, बेल पत्र, धतूरा अर्पित कर धूप दीप से पूजा-अर्चना की। मोटा महादेव मंदिर पर सुबह से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लम्बी लाइन रही। मंदिर के पुजारी शशिनाथ ने श्रद्धालुओं को बड़े प्रेमभाव के साथ पूजा अर्चना कराई। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना के बाद बाबा भैरो व नंदी का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम कांवड़ितों की सुरक्षा व्यवस्था में जुटी रही।

### मोटा महादेव मंदिर पर सीओ ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** श्रावण मास के पहले दिन सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम में मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर शिव भक्त श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस बल के साथ मंदिर परिसर क्षेत्र में पैदल गश्त कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। सीओ ने ड्रोन कैमरे से भी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। सीओ के साथ मोटा महादेव मंदिर कांवड़ मेला निरीक्षक राकेश कुमार, थाना प्रभारी मंडावली वीरेंद्र कुमार, मोटा महादेव पुलिस चौकी इंचार्ज सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

# बम बोल, शिवमय हुआ माहौल



**नूरपुर ( चिंगारी )।** सावन मास के पहले सोमवार को नगर के शिवालयों में सुबह से ही शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा माहौल शिवमय हो गया। भक्तों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे। पुलिस-प्रशासन की पुख्ता व्यवस्था, शिवभक्तों की भारी भीड़ के चलते यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए शहर के प्रमुख चौराहों और मंदिर मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई। एसपी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस के साथ पीएसी के जवान तैनात किए गए। महिला पुलिसकर्मी भी कतारों में लगी रहीं ताकि महिला श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ट्रैफिक पुलिस ने मंदिरों के आसपास नो-व्हीकल जोन बनाकर श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए अलग से रास्ता बनाया। सीओ देश दीपक सिंह ने सुबह ही मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भक्तों की सेवा ही हमारी प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिया जाए।

### प्राचीन शिव मंदिर में विशेष पूजा

शहर के मोहल्ला शहीदनगर चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुबह 4 बजे से ही भक्तों की कतार लग गई। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सुरेश ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद शिवलिंग का दूध, दही, शहद, गंगाजल और बेलपत्र से रुद्राभिषेक किया गया। पूजा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर जलाभिषेक किया। मंदिर समिति की ओर से प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी। जिलाधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना में शामिल हुए।

### भक्तों में दिखा उत्साह

सावन के पहले सोमवार को व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने सुबह स्नान कर शिव मंदिरों में जल चढ़ाया। कई श्रद्धालु हरिद्वार और गंगनहर से गंगाजल लेकर आए थे। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों अंकित जोशी, मनोज वर्मा, जागेश शर्मा और संजीव जोशी ने बताया कि हर सोमवार को भंडारे और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### व्यवस्था बेहतर रही

प्रशासन के सहयोग से इस बार व्यवस्था पहले से बेहतर रही। पुलिस के अनुसार सावन भर सोमवार को इसी तरह सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे ताकि श्रद्धालु शांति और श्रद्धा के साथ पूजा कर सकें।


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# पहाड़ों से भागे डॉक्टरों पर शिकंजा, अब पीजी की एनओसी भी रुकेगी!

**देहरादून (चिंगारी)।** उत्तराखंड के सरकारी मेडिकल कॉलेजों से सस्ती दरों पर एमबीबीएस और पीजी की पढ़ाई करने के बाद बॉन्ड तोड़कर पहाड़ों में सेवा देने से बचने वाले डॉक्टरों पर सरकार अब सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। कैबिनेट में ऐसा विधेयक लाया जा रहा है, जिसके तहत सरकारी मेडिकल कॉलेजों से पढ़े डॉक्टरों को दूरस्थ क्षेत्रों में कम से कम तीन साल सेवा देनी होगी। इसके बाद ही उन्हें पीजी कोर्स के लिए सरकार की एनओसी मिलेगी। वहीं पिछले तीन वर्षों में बॉन्ड तोड़ने वाले करीब 200 डॉक्टरों के खिलाफ रिकवरी सर्टिफिकेट (आरसी) जारी की जा चुकी हैं।



दरअसल पर्वतीय और दुर्गम क्षेत्रों में डॉक्टरों की भारी कमी के बीच बॉन्ड तोड़कर गायब होने वाले डॉक्टर सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। अकेले राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी से बॉन्ड भरने वाले 69 डॉक्टरों के खिलाफ आरसी जारी की गई है। इनमें 41 एमबीबीएस और 28 पीजी/विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हैं। कॉलेज अब इनके खिलाफ कानूनी नोटिस भेजने की भी तैयारी कर रहा है। बॉन्ड की शर्त के अनुसार सरकारी मेडिकल कॉलेजों से कम शुल्क पर पढ़ाई करने वाले डॉक्टरों को 3 से 5 वर्ष तक सरकारी अस्पतालों में सेवा देनी होती है। सेवा नहीं देने पर बॉन्ड की निर्धारित राशि जमा करनी होती है। लेकिन बड़ी संख्या में डॉक्टरों ने न तो सेवा दी और न ही बॉन्ड राशि जमा की, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक के निर्देश पर तहसीलदारों के माध्यम से रिकवरी की कार्रवाई शुरू की गई। इसका असर भी दिखा। कार्रवाई के बाद 20 डॉक्टरों ने, जिनमें 7 एमबीबीएस और 13 पीजी डॉक्टर शामिल हैं, करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की बॉन्ड राशि जमा कर दी। लेकिन 49 डॉक्टर अब भी न तो राशि जमा कर रहे हैं और न ही कोई जवाब दे रहे हैं। इनमें 45 डॉक्टरों की ओर से कोई जवाब नहीं मिला, जबकि 4 डॉक्टर अपने स्थायी पते पर भी नहीं मिले। इनमें डॉ. नमिता वासीकोटी (पिथौरागढ़), डॉ. अनिका कुमारी (बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश), डॉ. सबरीन नाज (देहरादून) और डॉ. तेजेन पेलडेन (देहरादून) शामिल हैं।

## एम्स में राष्ट्रीय अंगदान माह मनाया गया



### प्रश्नोत्तरी एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** एम्स द्वारा राष्ट्रीय अंगदान माह मनाया गया। इस दौरान अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्थान के अंग प्रत्यारोपण विभाग द्वारा अभियान की शुरूआत रेडियो ऋषिकेश 90.0 एफएम पर आयोजित विशेष कार्यक्रम से हुई। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने आकाशवाणी के माध्यम से अंगदान के महत्व, इससे जुड़े मिथकों एवं भ्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अधिक से अधिक लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। उधर नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए अंगदान जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मरीजों, तीमारदारों, आगंतुकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को अंगदान के प्रति जागरूक किया। विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान डीन एकेडेमिक प्रो. सौरभ वार्ष्णेय, डीन रिसर्च प्रो. शैलेन्द्र हांडू डीन एक्जाम प्रो. बी.के. बस्तिया, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्या श्री, डॉ. रोहित गुप्ता, डॉ. अंकुर मित्तल, कॉलेज आफ नर्सिंग की प्रिन्सिपल प्रो. स्मृति अरोड़ा सहित नर्सिंग स्टूडेन्ट्स आदि मौजूद रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## रायपुर पुलिस ने शातिर वाहन चोर दबोचा, चोरी के 11 दोपहिया वाहन बरामद



**देहरादून (चिंगारी)।** रायपुर थाना पुलिस ने वाहन चोरी की कई वारदातों का खुलासा करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी राकेश डबराल के कब्जे से चोरी के 11 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। बरामद वाहनों में रायपुर, नेहरू कॉलोनी और डालनवाला क्षेत्र से चोरी हुए वाहन भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी सुनसान स्थानों पर खड़े वाहनों की पहले रैकी करता था और मौका मिलते ही चोरी कर उन्हें जंगल में छिपा देता था। बाद में वह इन वाहनों को जनपद से बाहर ले जाकर बेचने की तैयारी में था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को महाराणा प्रताप चौक के आगे एक पेट्रोल पंप के पास से चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने कई वाहन चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर जंगल में छिपाकर रखे गए 10 अन्य दोपहिया वाहन भी बरामद किए गए। पुलिस बरामद अन्य वाहनों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ़ चलाया अभियान, 30 का चालान

**देहरादून (चिंगारी)।** पटेलनगर पुलिस ने देर रात सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और पिलाने वालों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न स्थानों, सड़क किनारे और वाहनों में शराब का सेवन कर रहे 30 लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। सभी लोगों को थाने लाकर पूछताछ की गई। इसके बाद भविष्य में ऐसी हरकत दोबारा न करने की सख्त हिदायत देते हुए पुलिस अधिनियम के तहत उनका चालान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिर परिसर में किया पौधारोपण

**कोटद्वार (चिंगारी)।** श्री गुरु गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति की ओर से भाबर क्षेत्र के मवाकोट स्थित जगदेव बाबा मंदिर परिसर में आंवला, बांज, नीम, बेल और बहेड़ा आदि के पौधो का रोपण किया गया। तत्पश्चात वन एवं पर्यावरण विषय पर पूर्व वनाधिकारी दिनेश चंद्र घिल्डियाल की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने परम्परागत खेती को वन्यजीवों द्वारा पहुंचाया जा रहे नुकसान पर चिंता व्यक्त की। कहा कि बंजर खेतों में पौधारोपण किया जाना चाहिए और पौध रोपण में ऐसी प्रजातियों का चयन किया जाना चाहिए, जो जल संचय के साथ शुद्ध प्राण वायु भी दे सके। अंत में वर्तमान में पर्यावरण में हो रहे असंतुलन को संतुलित करने के लिए सभी से पौधारोपण का आग्रह किया गया। इस अवसर पर आर पी पंत, प्रकाश हेमदान, सुनील नेगी, बलबीर सिंह बिष्ट, बहादुर सिंह मेहरा, हीरा सिंह बिष्ट, प्रेम प्रकाश मझेड़ा और हिमांशु नौटियाल आदि मौजूद रहे।

## 13वीं गढ़वाल राइफल्स से सेवानिवृत हुये कैप्टन प्रदीप नेगी का स्वागत किया



### सैनिक कभी सेवानिवृत नहीं होता : रमोला

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** हरिद्वार बाईपास मार्ग पर स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचे सेवानिवृत्त सैनिकों ने प्रणाम किया। पूर्व सैनिक वीरेंद्र रमोला ने कहा कि सैनिक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, उसकी वर्दी बदलती है, लेकिन देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्र सेवा का जज्बा जीवनभर कायम रहता है। पूर्व सैनिक बीरेन्द्र रमोला राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वर्तमान में नगर निगम ऋषिकेश से पार्षद भी हैं, जो पिछले लगभग 10 वर्षों से अमित ग्राम, क्षेत्र में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने घर लौटने वाले प्रत्येक सैनिक का पूरे सैनिक सम्मान, आत्मीयता और गौरव के साथ स्वागत करते आ रहे हैं। इसी श्रृंखला में भारतीय सेना की 13वीं गढ़वाल राइफल्स से 28 वर्षों की गौरवशाली सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए कैप्टन प्रदीप नेगी का ढोल-नगाड़ों, पुष्पमालाओं से भव्य सैनिक सम्मान किया गया। वीरेन्द्र रमोला का मानना है कि जिसने अपने जीवन के अनमोल वर्ष देश की सीमाओं की रक्षा में समर्पित किए हों, उसका सम्मान पूरे समाज का नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर पार्षद सत्या करुवान, कैप्टन चत्तर सिंह बिष्ट, कैप्टन पूरन सिंह कंडारी, कैप्टन वीर सिंह रावत, कैप्टन सुमेर सिंह सजवान, सूबेदार प्रेम सिंह राणा, कैप्टन चेतराम सती, कैप्टन विनोद जोशी, कैप्टन प्रेम सिंह, कैप्टन राजेन्द्र सिंह, अब्बल चंद रमोला, सूबेदार विनोद सेमवाल, पूर्व सैनिक धीरज चौहान, पूर्व सैनिक चंडी प्रसाद तिवारी आदि उपस्थित थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com




# को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **हरिश्चंद्र कर्णवाल** | **अतुल कुमार अग्रवाल** | **अतुल जैन** | **अमरीश अग्रवाल** | **नितिन दिनेश कौशिक** | **संजय लोहिया** | **विकास जैन** | **मुकेश शर्मा** | **रवि कर्णवाल** | **आकाश कर्णवाल** | **विकास कर्णवाल** |
| ( वरिष्ठ समाजसेवी ) | ( पंप वाले ) समाजसेवी | ( समाजसेवी ) | ( समाजसेवी ) | ( अध्यक्ष ) श्री रामलीला कमेटी अ. | ( पूर्व अध्यक्ष ) श्री शिव मंदिर कमेटी | ( पूर्व अध्यक्ष ) श्रीरामला कमेटी अ. | ( पूर्व मंडल अध्यक्ष ) भाजपा अफजलगढ़ | ( अध्यक्ष ) श्री सनातन धर्मशाला | ( युवा समाजसेवी ) | ( कारोबारी ) |

एवं समस्त सनातन धर्म प्रेमी अफजलगढ़